

VISIONIAS
INSPIRING INNOVATION

PT 365

# न्यूज़ थ्रू मैप्स

अहमदाबाद | बेंगलूरू | भोपाल | चंडीगढ़ | दिल्ली | गुवाहाटी | हैदराबाद | जयपुर | जोधपुर | लखनऊ | प्रयागराज | पुणे | रांची

# VISION IAS
INSPIRING INNOVATION

## OUR ACHIEVEMENTS




**LIVE/ONLINE Classes Available**

www.visionias.in



# Foundation Course
# GENERAL STUDIES
## PRELIMS cum MAINS 2026, 2027 & 2028

DELHI: 4 MAR, 2 PM | 11 MAR, 5 PM | 13 MAR, 11 AM | 18 MAR, 8 AM

GTB Nagar Metro (Mukherjee Nagar): 25 FEB, 6 PM

हिन्दी माध्यम | DELHI: 25 फरवरी, 8 AM | 25 मार्च, 2 PM

AHMEDABAD: 4 JAN | BENGALURU: 18 FEB | BHOPAL: 25 FEB | CHANDIARH: 18 JUN

HYDERABAD: 3 MAR | JAIPUR: 18 FEB | JODHPUR: 17 MAR | LUCKNOW: 11 FEB | PUNE: 4 MAR

# फाउंडेशन कोर्स सामान्य अध्ययन 2026

- प्रारंभिक, मुख्य परीक्षा और निबंध के लिए महत्वपूर्ण सभी टॉपिक का विस्तृत कवरेज

DELHI : 25 फरवरी, 8 AM | 25 मार्च, 2 PM

JAIPUR: 18 फरवरी

JODHPUR: 17 मार्च

प्रवेश प्रारम्भ | BHOPAL | LUCKNOW

Scan the QR CODE to download VISION IAS App. Join official telegram group for daily MCQs & other updates.

/visionias.upsc
/c/VisionIASdelhi
/c/VisionIASdelhi
/t.me/s/VisionIAS_UPSC

**DELHI:** HEAD OFFICE: 1st floor, Apsara Arcade, Near Gate-7 Karol Bagh Metro Station, 1/8 b, Pusa Road, Karol Bagh, Delhi – 110005 | CONTACT: 8468022022, 9019066066

AHMEDABAD | BENGALURU | BHOPAL | CHANDIGARH | GUWAHATI | HYDERABAD | JAIPUR | JODHPUR | LUCKNOW | PRAYAGRAJ | PUNE | RANCHI

# विषय सूची


**1. अंतर्राष्ट्रीय संबंध (International Relations)**

1.1. नागोर्नो-काराबाख क्षेत्र. . . . . . . . . . . . . . 5
1.2. सुर्ख़ियों में रहे संघर्षजनित अन्य क्षेत्र . . . . . 9
1.3. अंतर्राष्ट्रीय घटनाक्रम से संबंधित कुछ महत्वपूर्ण स्थल (PLACES FEATURING INTERNATIONAL DEVELOPMENTS) . . . . 12
1.4. द्विपक्षीय संबंध (Bilateral Relations). . . 26

**2. अर्थव्यवस्था (ECONOMY)**

2.1. सुर्ख़ियों में रहे स्थल (Places in News) . . . 31

**3. पर्यावरण (ENVIRONMENT)**

3.1 भारत में बायोस्फीयर रिजर्व (Biosphere Reserve in India) . . . . . . . . . . . . . 33
3.2 भारत में प्रवाल (Corals in India). . . . . 34
3.3 सुर्ख़ियों में रही आर्द्रभूमियां (Wetlands in News). . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . 35
3.4 भारत का भू-तापीय मानचित्र (Geothermal map of India) . . . . . . . . . . . . . 36
3.5 भारत: सुर्ख़ियों में रही नदियां (India: Rivers in News). . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . 37
3.6 भारत: सुर्ख़ियों में रहे अन्य स्थल (India: Other Places in News) . . . . . . . . . 38
3.7 सुर्ख़ियों में रहे जल निकाय (Water Bodies) . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . 39
3.8 सुर्ख़ियों में रहे भौगोलिक क्षेत्र (Other Geographical Features) . . . . . . . . 40
3.9 सुर्ख़ियों में रहे देश (Countries in the News). . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . 41
3.10 सुर्ख़ियों में रहे आपदा से प्रभावित क्षेत्र (Disaster Affected areas). . . . . . . 42
3.11 सुर्ख़ियों में रहे संरक्षित क्षेत्र (Protected Areas in News) . . . . . . . . . . . . . . . . . 43
3.12 भारत में पारंपरिक जल भंडारण प्रणालियां (Traditional Water storage systems) . . . . . . . . . . . . . . . . . 44
3.13 भारत में प्रमुख पर्यावरण आंदोलन (Major Environmental Movements in India). . . . . . . . . . . . . . . . . . 45
3.14 भारत राष्ट्रीय नदी जोड़ो परियोजनाएं (National River Linking Projects). . . 46
3.15 ग्रेट इंडियन बस्टर्ड का वितरण (Great Indian Bustard Presence) . . . . . . . . . . . 47
3.16 भारत में हाथी रिजर्व (Elephant Reserves in India). . . . . . . . . . . . . . . . . . . . 48
3.17 सुर्ख़ियों में रहे कन्वेंशन/सम्मेलन (Conventions/Conference in News) . . . . . . . . . . . . . . . . . . . 49

**4. विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी (SCIENCE AND TECHNOLOGY)**

4.1 विश्व (World). . . . . . . . . . . . . . . . . 50
4.2 भारत (India) . . . . . . . . . . . . . . . . 52

**5. संस्कृति (Culture)**

5.1. सुर्ख़ियों में रहे मंदिर (Temples in News) . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . 54
5.2 सुर्ख़ियों में रही चित्रकला/ पेंटिंग (Paintings in News). . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . 55
5.3 सुर्ख़ियों में रहे स्थल (Key Sites in News) 56
5.4 भारत में पुतली कला (Puppetry in India) . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . 57
5.5 भौगोलिक संकेतक (GI) टैग {GI Tags} . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . 58
5.6 भारत की प्रमुख तीर्थ गलियारा परियोजनाएं (India's Major Pilgrim Corridor Projects) . . . . . . . . . . . . . . . . . . . 60
5.7 सुर्ख़ियों में रहे त्यौहार (Festivals in News) . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . .61




# अभ्यर्थियों के लिए संदेश

***प्रिय अभ्यर्थी,***

पिछले वर्ष की तरह, इस बार भी हम "PT 365: न्यूज थ्रू मैप्स" डॉक्युमेंट जारी करते हुए उत्साहित हैं। इसे अभ्यर्थियों को परीक्षा में मानचित्र-आधारित प्रश्नों को हल करने के लिए एक विज़ुअल एप्रोच विकसित करने में मदद करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। अब तक, इस पहल ने कई अभ्यर्थियों को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय घटनाओं को बेहतर ढंग से समझने में सहायता की है, तथा हम इस प्रयास को और आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं!

**PT 365: न्यूज़ थ्रू मैप्स डॉक्यूमेंट की विशेषताएं**

**एक थीम, एक मानचित्र दृष्टिकोण:** समान प्रकृति की सुर्ख़ियों को एकल मानचित्र में एकत्रित किया गया है, ताकि अभ्यर्थी को समग्र जानकारी प्राप्त हो सके और वे समसामयिक घटनाओं के पैटर्न, आपसी संबंध और ट्रेंड्स को एक नज़र में आसानी से समझ सकें।

**भौगोलिक जानकारी:** नदियां, पर्वत, सीमावर्ती क्षेत्र और रणनीतिक स्थल जैसे महत्वपूर्ण भौगोलिक विवरण समसामयिक घटनाओं की आपकी समझ को और गहरा करने के लिए सहज रूप से शामिल किए गए हैं।

हम करेंट अफेयर्स के रिवीजन को और भी स्मार्ट, तेज़ एवं प्रभावी बनाने के अपने मिशन को और मजबूत कर रहे हैं। अब समय आ गया है गहन अध्ययन करने, नए दृष्टिकोण खोजने और मानचित्रों को अपना मार्गदर्शक बनाने का, ताकि आप समसामयिक घटनाओं में निपुणता हासिल कर सकें!

***"हम बार-बार जो करते हैं, वही बन जाते हैं। इसलिए, एक बार प्रयास करने से नहीं बल्कि बार-बार और लगातार प्रयास करने से ही उत्कृष्टता हासिल होती है।" - अरस्तु***

**हार्दिक शुभकामनाएं!**
**करेंट अफेयर्स टीम**
**VisionIAS**

# 1. अंतर्राष्ट्रीय संबंध (International Relations)

## 1. नागोर्नो-काराबाख क्षेत्र (Nagorno-Karabakh Region)

### 1. नागोर्नो-काराबाख क्षेत्र (Nagorno-Karabakh Region)

- **संदर्भ:** नागोर्नो-काराबाख क्षेत्र से रूसी शांति सैनिक वापस लौटना शुरू कर चुके हैं। **अजरबैजान ने इस विवादित क्षेत्र को आर्मेनियाई अलगाववादियों से वापस अपने कब्जे** में ले लिया है। इसी वजह से शांति सैनिक लौट रहे हैं।
- **नागोर्नो-काराबाख क्षेत्र के बारे में**
  - आर्मेनियाई लोग इसे **आर्टसख** (Artsakh) कहते हैं।
  - यह एक **भू-आबद्ध (Landlocked)** पहाड़ी क्षेत्र है। इस पर आधिकारिक तौर पर **अज़रबैजान का कब्जा** है।




### 2. यूक्रेन (राजधानी: कीव)

- **संदर्भ:** रूस ने यूक्रेन के **स्नेक आइलैंड** पर मिसाइल हमला किया। इस आइलैंड को **जमिनी आइलैंड** के नाम से भी जाना जाता है। यह **काला सागर** में अवस्थित है।
- **भौगोलिक अवस्थिति:** पूर्वी यूरोप
- **सीमावर्ती देश:** इसके उत्तर में बेलारूस; पूर्व में रूस; दक्षिण-पश्चिम में मोल्डोवा और रोमानिया; तथा पश्चिम में हंगरी, स्लोवाकिया और पोलैंड अवस्थित हैं।
- **जल निकाय: आज़ोव सागर** और **काला सागर** यूक्रेन के दक्षिण में स्थित हैं।




### 3. नॉर्ड स्ट्रीम

- **संदर्भ:** नए अध्ययन से पता चलता है कि विस्फोटों के कारण नॉर्ड स्ट्रीम पाइपलाइनों को नुकसान पहुंचने के बाद **बाल्टिक सागर** में हजारों टन मीथेन घुल गई है।
- **नॉर्ड स्ट्रीम के बारे में:** इसमें **अपतटीय पाइपलाइनों** (नॉर्ड स्ट्रीम 1 और 2) **का एक नेटवर्क शामिल** है। इन पाइपलाइनों के जरिए **रूस से उत्तरी जर्मनी तक प्राकृतिक गैस की आपूर्ति** की जाती है।



## 4. कुर्स्क क्षेत्र (Kursk Region)

- **संदर्भ:** यूक्रेनी सेनाओं के रूसी क्षेत्र में अंदर तक पहुंचने के कारण रूस ने **कुर्स्क क्षेत्र में आपातकाल** घोषित किया।
- **अवस्थिति:** यह **पूर्वी यूरोपीय मैदान के मध्य भाग** में स्थित है और इसकी सीमा **यूक्रेन से लगती** है।
- **नदी बेसिन: नीपर और डॉन नदियों के बेसिन** इस क्षेत्र में ही स्थित हैं।
- इसके अलावा, सशस्त्र लड़ाकों ने **रूस के दक्षिणी रिपब्लिक ऑफ दागेस्तान में हमला** किया।




## 5. लेबनान (राजधानी: बेरूत)

- **संदर्भ:** इजरायल ने लेबनान के दक्षिणी हिस्से में और अधिक सैनिक तैनात करके **हिजबुल्लाह के खिलाफ अपना संघर्ष तीव्र** कर दिया है।
- **अवस्थिति:** यह **भूमध्य सागर के पूर्वी तट** के साथ एक **संकरी पट्टी** के रूप में अवस्थित है। यह पश्चिमी एशिया के उत्तरी अरब प्रायद्वीप में स्थित एक छोटा सा देश है।
- **सीमावर्ती देश:** इसके उत्तर व उत्तर-पूर्व में **सीरिया;** तथा दक्षिण में **इजरायल** है।
- **समुद्री सीमा: साइप्रस** से लगती है।




## 6. बाल्टिक सागर

- **संदर्भ:** एक रिपोर्ट के अनुसार, **रूसी SU-24 बमवर्षक विमान** ने सामरिक रूप से महत्वपूर्ण बाल्टिक सागर के **गोटलैंड द्वीप** के निकट स्वीडिश हवाई क्षेत्र का उल्लंघन किया है।
- **बाल्टिक सागर के बारे में:**
  - यह **उत्तरी अटलांटिक महासागर** की ही एक शाखा है। यह **डेनिश जलसंधि** द्वारा अटलांटिक महासागर से जुड़ा हुआ है।
  - यह विश्व का **सबसे बड़ा "अंतर्देशीय खारे पानी का सागर" है। बड़ी मात्रा में नदी जल के मिलने के कारण** इसमें लवणता का स्तर कम है।



## 7. तुर्किये (राजधानी: अंकारा)

- **संदर्भ:** तुर्किये ने इराक और सीरिया में कुर्द आतंकवादियों के ठिकानों पर हमला किया।
- **भौगोलिक अवस्थिति:**
  - इस्तांबुल शहर सहित तुर्किये का छोटा सा उत्तर-पश्चिमी भाग, **दक्षिण-पूर्वी यूरोप (बाल्कन प्रायद्वीप)** में स्थित है। इस क्षेत्र को **ईस्टर्न थ्रेस** के नाम से जाना जाता है।
  - तुर्किये का बड़ा हिस्सा, जिसे **अनातोलिया (या एशिया माइनर)** कहा जाता है, पश्चिमी एशिया में स्थित है।
- **सीमावर्ती देश:** इसके उत्तर-पूर्व में **जॉर्जिया और आर्मेनिया;** पूर्व में **अजरबैजान और ईरान;** दक्षिण-पूर्व में **इराक और सीरिया;** तथा उत्तर-पश्चिम में **ग्रीस और बुल्गारिया** अवस्थित हैं।
- **सीमावर्ती जल निकाय:** इसके **उत्तर में काला सागर,** तथा **दक्षिण-पश्चिम और पश्चिम में भूमध्य सागर और एजियन सागर** हैं।




## 8. अदन की खाड़ी

- **संदर्भ:** अदन की खाड़ी में **समुद्री डाकुओं का बार-बार हमला** चिंता पैदा कर रहा है।
- **अदन की खाड़ी:** यह एक गहरे पानी का बेसिन है। यह **लाल सागर** और **अरब सागर** के बीच एक **प्राकृतिक समुद्री लिंक** बनाता है।




## 9. सोमालिया (राजधानी: मोगादिशु)

- **संदर्भ:** मोगादिशु में **आत्मघाती बम विस्फोट और गन अटैक** में कई नागरिक मारे गए।
- **अवस्थिति:** यह **हॉर्न ऑफ अफ्रीका** का एक भाग और अफ्रीका महाद्वीप का सबसे पूर्वी देश है।
- **सीमावर्ती देश: इसकी स्थलीय सीमा उत्तर-पश्चिम में जिबूती से, पश्चिम में इथियोपिया** से और **दक्षिण-पश्चिम में केन्या** से लगती है।
- **सीमावर्ती जल निकाय:** अदन की खाड़ी और हिंद महासागर।



## 10. अबू मूसा द्वीप

- **संदर्भ:** विवादित अबू मूसा द्वीप और दो अन्य द्वीपों (ग्रेटर टुन्ब एवं लेसर टुन्ब) पर **ईरान की संप्रभुता पर सवाल उठाने वाले चीन व संयुक्त अरब अमीरात द्वारा बयान देने के कारण ईरान ने चीनी राजदूत** को तलब किया।
- **द्वीपों पर विवाद:** इन द्वीपों पर **ईरान और संयुक्त अरब अमीरात (UAE), दोनों द्वारा दावा** किया जाता है। हालांकि, 1971 से इन पर **ईरान** का अधिकार है।
- **सामरिक महत्त्व:** ये द्वीप **होर्मुज जलडमरूमध्य** के निकट अवस्थित हैं। होर्मुज जलडमरूमध्य **फारस की खाड़ी को ओमान की खाड़ी और अरब सागर** से जोड़ता है।
  - विश्व के कुल तेल व्यापार का लगभग **पांचवां हिस्सा** (दैनिक आधार पर) होर्मुज जलडमरूमध्य से होकर गुजरता है।




## 11. सेनकाकू द्वीप समूह

- **संदर्भ: जापान और संयुक्त राज्य अमेरिका** ने एक संयुक्त बयान जारी किया। इसमें **चीन द्वारा सेनकाकू द्वीप समूह की यथास्थिति में एकतरफा बदलाव के किसी भी प्रयास का विरोध** किया गया है।
- **सेनकाकू द्वीप के बारे में:**
  - **चीनी भाषा** में इसे **दियाओयू द्वीप समूह** कहा जाता है।
  - सेनकाकू द्वीप **पूर्वी चीन सागर में ओकिनावा द्वीप से लगभग 410 किमी पश्चिम** में स्थित है।







## 1.2. सुर्ख़ियों में रहे संघर्षजनित अन्य क्षेत्र (OTHER CONFLICT AREAS IN NEWS)




### दक्षिण पूर्व एशिया

| | |
|---|---|
| **1.** | **दक्षिणी थाईलैंड (पटानी संघर्ष)**<br>➤ **गुट:** थाई सरकार बनाम मलय-मुस्लिम अलगाववादी।<br>➤ **कारण:** नृजातीय और धार्मिक तनाव, स्वायत्तता की मांग। |
| **2.** | **पश्चिमी पापुआ (इंडोनेशिया)**<br>➤ **गुट:** इंडोनेशियाई सरकार बनाम फ्री पापुआ मूवमेंट (OPM)।<br>➤ **कारण:** स्वतंत्रता आंदोलन, संसाधनों का दोहन और सांस्कृतिक दमन। |
| **3.** | **मिंडनाओ (फिलीपींस)**<br>➤ **गुट:** फिलीपीन सरकार बनाम मोरो इस्लामिक लिबरेशन फ्रंट (MILF)।<br>➤ **कारण:** स्वायत्तता, इस्लामी शासन और उग्रवाद। |
| **4.** | **काचिन प्रांत (म्यांमार)**<br>➤ **गुट:** म्यांमार सेना बनाम काचिन इंडिपेंडेंस आर्मी (KIA)।<br>➤ **कारण:** नृजातीय स्वायत्तता, संसाधन नियंत्रण। |

## अफ्रीका

| | |
|---|---|
| 5. | **साहेल क्षेत्र (माली, बुर्किना फासो, नाइजर)**<br>➤ **गुट:** सरकारें बनाम जिहादी समूह, नृजातीय मिलिशिया।<br>➤ **कारण:** उग्रवाद, नृजातीय तनाव, अप्रभावी शासन। |
| 6. | **टिग्रे (इथियोपिया)**<br>➤ **गुट:** इथियोपियाई सरकार बनाम टाइग्रे पीपुल्स लिबरेशन फ्रंट (टीपीएलएफ)।<br>➤ **कारण:** राजनीतिक सत्ता संघर्ष, स्वायत्तता की मांग। |
| 7. | **मोजाम्बिक (काबो डेलगाडो)**<br>➤ **गुट:** सरकार बनाम ISIS-मोजाम्बिक।<br>➤ **कारण:** इस्लामी उग्रवाद, संसाधनों का दोहन। |
| 8. | **सूडान (दारफुर और तख्तापलट के बाद की अशांति)**<br>➤ **गुट:** सेना बनाम नागरिक, रैपिड सपोर्ट फोर्स बनाम विद्रोही समूह।<br>➤ **कारण:** सत्ता संघर्ष, नृजातीय हिंसा। |
| 9. | **पश्चिमी सहारा**<br>➤ **गुट:** मोरक्को बनाम पोलिसारियो फ्रंट।<br>➤ **कारण:** क्षेत्र पर स्वतंत्रता संबंधी विवाद। |

## यूरोप

| | |
|---|---|
| 10. | **ट्रांसनिस्ट्रिया (मॉल्डोवा)**<br>➤ **गुट:** मॉल्डोवा सरकार बनाम ट्रांसनिस्ट्रियन अलगाववादी (रूस समर्थित)।<br>➤ **कारण:** 1990 में स्वतंत्रता की घोषणा। |
| 11. | **बास्क कंट्री (स्पेन)**<br>➤ **गुट:** स्पेनिश सरकार बनाम बास्क होमलैंड एंड लिबर्टी।<br>➤ **कारण:** बास्क स्वतंत्रता आंदोलन। |
| 12. | **साइप्रस (ग्रीक-तुर्की विभाजन)**<br>➤ **गुट:** ग्रीक साइप्रट बनाम तुर्की साइप्रट।<br>➤ **कारण:** 1974 से नृजातीय और राजनीतिक विभाजन। |
| 13. | **कैटालोनिया (स्पेन)**<br>➤ **गुट:** स्पेनिश सरकार बनाम कैटलन इंडिपेंडेंस मूवमेंट।<br>➤ **कारण:** स्वायत्तता और स्वतंत्रता की मांग। |
| 14. | **चेचन्या (रूस)**<br>➤ **गुट:** रूसी सरकार बनाम चेचन अलगाववादी।<br>➤ **कारण:** स्वतंत्रता आंदोलन, धार्मिक उग्रवाद। |
| 15. | **दक्षिण ओसेशिया और अब्खाज़िया (जॉर्जिया)**<br>➤ **गुट:** जॉर्जिया सरकार बनाम रूस समर्थित अलगाववादी।<br>➤ **कारण:** स्वतंत्रता की घोषणा, रूस का प्रभाव। |

| | |
|---|---|
| 16. | **यमन (गृह-युद्ध)**<br>➤ **गुट:** हूती विद्रोही समूह बनाम यमन सरकार (सऊदी समर्थित)।<br>➤ **कारण:** सांप्रदायिक तनाव, राजनीतिक सत्ता संघर्ष। |
| 17. | **कुर्द-तुर्की संघर्ष (उत्तरी सीरिया/इराक)**<br>➤ **गुट:** तुर्की बनाम कुर्द समूह (PKK, YPG)।<br>➤ **कारण:** कुर्द स्वायत्तता की मांग, तुर्की की सुरक्षा संबंधी चिंताएं। |
| 18. | **लाल सागर और हूती**<br>➤ **गुट:** हूती विद्रोही समूह (हूती मुख्य रूप से यमन का एक शिया मिलिशिया ग्रुप है) बनाम सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात, आदि।<br>➤ **कारण:** लाल सागर पर नियंत्रण, क्योंकि लाल सागर के दक्षिणी छोर पर स्थित बाब अल-मंडेब जलडमरूमध्य वैश्विक व्यापार, विशेषकर तेल शिपमेंट के लिए एक महत्वपूर्ण चोकपॉइंट है।<br>➤ **भारत का ऑपरेशन संकल्प:** भारतीय नौसेना ने भारतीय जहाजों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए 'ऑपरेशन संकल्प' शुरू किया। |




# 1.3. अंतर्राष्ट्रीय घटनाक्रम से संबंधित कुछ महत्वपूर्ण स्थल (PLACES FEATURING INTERNATIONAL DEVELOPMENTS)

## 1. इज़रायल

**इज़रायल (राजधानी यरूशलेम)** [घोषित राजधानी; **वस्तु स्थिति:** विवादित]; कई देश **तेल अवीव को राजनयिक राजधानी** के रूप में मान्यता देते हैं)।

- **संदर्भ:** इजरायल ने गाजा में इरेज क्रॉसिंग को फिर से खोलने की अनुमति दे दी है, ताकि दूसरे देशों द्वारा गाजा पट्टी में और अधिक मानवीय सहायता पहुंचाई जा सके।
- **अवस्थित:** इजरायल मध्य पूर्व में स्थित एक देश है।
- **स्थलीय सीमाएं:** लेबनान (उत्तर), सीरिया (पूर्वोत्तर), जॉर्डन (पूर्व) और मिस्र (दक्षिण पश्चिम)।
- **जलीय निकाय/ सीमा:** भूमध्य सागर, मृत सागर, जॉर्डन नदी व गैलिली सागर; लाल सागर (अकाबा की खाड़ी)।
- इसमें **पूर्वी यरूशलम और गोलन हाइट्स** शामिल हैं। ये दोनों विवादित क्षेत्र हैं।

**इरेज क्रॉसिंग के बारे में:** यह **इजरायल और उत्तरी गाजा पट्टी** के बीच एक बॉर्डर क्रॉसिंग है।

## 2. ब्लू लाइन

- **संदर्भ:** संयुक्त राष्ट्र ने **लेबनान-इजरायल 'ब्लू लाइन' सीमा** पर बढ़ते तनाव के बारे में चेतावनी दी है।
- **ब्लू लाइन के बारे में:**
  - **इजरायल और लेबनान के बीच कोई आधिकारिक सीमा नहीं** है। **ब्लू लाइन** ही इनके बीच सीमा निर्धारित करती है।
  - इसे **संयुक्त राष्ट्र ने 2000 में निर्धारित** किया था।
  - यह **ब्लू बैरल** से बनी है। यह लाइन **भूमध्य सागर से लेकर पूर्व में गोलन हाइट्स** तक फैली हुई है।






## 3. जॉर्डन (राजधानी: अम्मान)

- **संदर्भ:** विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) ने **जॉर्डन को कुष्ठ रोग का उन्मूलन करने वाला विश्व का पहला देश घोषित** किया।
- **सीमावर्ती देश:** सीरिया, इराक, सऊदी अरब, इजरायल और फिलिस्तीन (वेस्ट बैंक)।
- **सीमावर्ती जल निकाय:** जॉर्डन नदी, मृत सागर और अकाबा की खाड़ी।




## 4. आर्मेनिया (राजधानी: येरेवान)

- **संदर्भ:** आर्मेनिया ने फिलिस्तीन को आधिकारिक तौर पर एक देश के रूप में मान्यता प्रदान की है।
- **अवस्थिति: यह ट्रांसकेशिया क्षेत्र** का एक स्थल-रुद्ध या लैंड-लॉक्ड देश है। ट्रांसकेशिया **काकेशस पर्वत** के दक्षिण में स्थित घनी आबादी वाला क्षेत्र है।
- **स्थलीय सीमाएं:** इसकी सीमा अज़रबैजान, तुर्की, नखचिवन ऑटोनोमस रिपब्लिक (अज़रबैजान का एक क्षेत्र), जॉर्जिया और ईरान से लगती है।
- **नागोर्नो-काराबाख वस्तुतः** आर्मेनिया और अजरबैजान के बीच एक विवादित क्षेत्र है।




## 5. इराक (राजधानी: बगदाद)

- **संदर्भ: संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद** ने संयुक्त राज्य अमेरिका के नेतृत्व वाले आक्रमण के बाद 2003 में स्थापित **इराक में संयुक्त राष्ट्र सहायता मिशन (UNAMI)** को समाप्त करने की मंजूरी दी।
- **प्रादेशिक सीमाएं:** इसके उत्तर में **तुर्किये, पूर्व में ईरान,** पश्चिम में **सीरिया एवं जॉर्डन** तथा दक्षिण में **सऊदी अरब और कुवैत** स्थित हैं।
- **समुद्री सीमाएं:** इसकी समुद्री सीमाएं **फारस की खाड़ी** से मिलती हैं।



## 6. ईरान (राजधानी: तेहरान)

- **संदर्भ:** हाल ही में, ईरान के राष्ट्रपति की हेलीकॉप्टर दुर्घटना में मृत्यु हो गई।
- **भू-सीमाएं:** आर्मेनिया, अज़रबैजान, तुर्कमेनिस्तान (उत्तर में); अफगानिस्तान और पाकिस्तान (पूर्व में); इराक (पश्चिम में); तुर्किये (उत्तर-पश्चिम में)।
- **समुद्री सीमाएं:** इसकी **समुद्री सीमा फारस की खाड़ी और ओमान की खाड़ी** में बहरीन, कुवैत, ओमान, कतर और सऊदी अरब से लगती है।
- **नजदीकी जल निकाय:** फारस की खाड़ी और ओमान की खाड़ी।




## 7. उज्बेकिस्तान (राजधानी: ताशकंद)

- **संदर्भ:** भारतीय चीफ़ ऑफ़ द आर्मी स्टाफ ने उज्बेकिस्तान में सशस्त्र बल अकादमी में एक उच्च तकनीक आई.टी. प्रयोगशाला का उद्घाटन किया है।
- **भौगोलिक अवस्थिति:** यह मध्य एशिया का एक **'डबल लैंडलॉक्ड'** देश है। इसका अर्थ है कि इसके पड़ोसी देश भी लैंडलॉक्ड यानी भू-आबद्ध हैं।
- **सीमावर्ती देश:** इसके उत्तर में **कजाकिस्तान;** पूर्व में **किर्गिस्तान;** दक्षिण-पूर्व में **ताजिकिस्तान;** दक्षिण में **अफगानिस्तान** तथा दक्षिण-पश्चिम में **तुर्कमेनिस्तान** स्थित है।




## 8. संयुक्त अरब अमीरात (राजधानी: अबू धाबी)

- **संदर्भ:** संयुक्त अरब अमीरात में **अरब जगत का पहला परमाणु ऊर्जा संयंत्र सफलतापूर्वक स्थापित** किया गया है।
- **सीमावर्ती देश:** पश्चिम और दक्षिण में **सऊदी अरब** तथा पूर्व एवं उत्तर-पूर्व में ओमान स्थित है।
- **समुद्री सीमा: ओमान** की खाड़ी व **फारस** की खाड़ी से लगती है।



## 9. थाईलैंड (राजधानी: बैंकॉक)

- **संदर्भ:** थाईलैंड की सीनेट ने समलैंगिक विवाह को वैध बनाने वाले विधेयक को मंजूरी दे दी है।
- **स्थलीय सीमा:** इसकी उत्तर-पश्चिमी सीमा पर **म्यांमार,** पूर्वी सीमा पर **कंबोडिया,** उत्तर-पूर्वी सीमा पर लाओस और दक्षिणी सीमा पर **मलेशिया** स्थित है।
- **जल निकाय:** अंडमान सागर और थाईलैंड की खाड़ी।




## 10. लाओ पीडीआर या लाओस (राजधानी: वियनतियाने)

- **संदर्भ:** भारत और लाओ पीडीआर के प्रधान मंत्रियों ने पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन के दौरान द्विपक्षीय वार्ता की।
- **अवस्थित:** यह दक्षिण-पूर्व एशिया का एक **स्थलरुद्ध** देश है।
- **स्थलीय सीमाएं:** लाओस उत्तर में **चीन** से, उत्तर-पूर्व और पूर्व में **वियतनाम** से, दक्षिण में **कंबोडिया** से, पश्चिम में **थाईलैंड** से तथा उत्तर-पश्चिम में **म्यांमार** से घिरा हुआ है।




## 11. फिलीपींस (राजधानी: मनीला)

- **संदर्भ:** हाल ही में, फिलीपींस के राजदूत ने कहा कि **ब्रह्मोस मिसाइल्स** दक्षिण-पूर्वी एशियाई देशों को **"विश्वसनीय सुरक्षा"** प्रदान करती हैं।
- **जल निकाय:** इसके पूर्व में **फिलीपीन सागर;** दक्षिण में **सेलेब्स सागर;** दक्षिण-पश्चिम में **सुलु सागर;** तथा पश्चिम व उत्तर में **दक्षिण चीन सागर** स्थित है।



## 12. मॉरीशस: (राजधानी: पोर्ट लुईस)

- **संदर्भ:** भारत का पहला विदेशी जन औषधि केंद्र (JAK) मॉरीशस में खोला गया।
- **अवस्थिति:** मॉरीशस हिंद महासागर का एक **द्वीपीय राष्ट्र** है। यह मेडागास्कर के पूर्व में और अफ्रीका के दक्षिण-पूर्वी तट पर स्थित है।
- **पड़ोसी द्वीप:** पश्चिम में **रीयूनियन द्वीप (फ्रांस)** और उत्तर पश्चिम में **सेशेल्स।**




## 13. चागोस द्वीप समूह

- **संदर्भ:** यूनाइटेड किंगडम और मॉरीशस ने चागोस द्वीप समूह पर एक **ऐतिहासिक राजनीतिक समझौता** किया जिसके तहत यूनाइटेड किंगडम ने इस द्वीप समूह की संप्रभुता मॉरीशस को सौंप दी है।
- **अवस्थिति:** यह द्वीप समूह **हिंद महासागर क्षेत्र (IOR)** में स्थित है। यह **मालदीव के दक्षिण** में स्थित है।




## 14. रवांडा (राजधानी: किगाली)

- **संदर्भ:** हाल ही में, यूनाइटेड किंगडम की संसद ने **"रवांडा सुरक्षा (शरण और आव्रजन) विधेयक"** पारित किया है। यह विधेयक यूनाइटेड किंगडम के आव्रजन अधिकारियों को जनवरी, 2022 के बाद **"गैर-कानूनी रूप से"** यूनाइटेड किंगडम में प्रवेश करने वाले **शरणार्थियों को रवांडा निर्वासित** करने की शक्ति देता है।
- **अवस्थिति:** रवांडा **पूर्व-मध्य अफ्रीका में भूमध्यरेखा के दक्षिण में स्थित एक भू आबद्ध देश** है।
- **स्थलीय सीमा:** यह उत्तर में **युगांडा,** पूर्व में **तंजानिया,** दक्षिण में **बुरुंडी** और पश्चिम में **डेमोक्रेटिक रिपब्लिक ऑफ़ कांगो** से घिरा हुआ है।
- **किवु झील,** डेमोक्रेटिक रिपब्लिक ऑफ़ कांगो के साथ पश्चिमी सीमा का हिस्सा है।



## 15. टोगो (राजधानी: लोमे)

- **संदर्भ:** हाल ही में, भारत और टोगो ने अपने द्विपक्षीय संबंधों की समीक्षा की है।
- **अवस्थिति:** पश्चिमी अफ्रीका में स्थित है।
- **भू-सीमाएं:** इसकी सीमाएं पश्चिम में **घाना;** पूर्व में **बेनिन** और उत्तर में **बुर्किना फासो** से लगती है।
- **जल निकाय:** इसके दक्षिण में **गिनी की खाड़ी** स्थित है।




## 16. डेमोक्रेटिक रिपब्लिक ऑफ कांगो (DRC) (राजधानी: किंशासा)

- **संदर्भ:** भारत और डेमोक्रेटिक रिपब्लिक ऑफ कांगो (DRC) के रक्षा मंत्रालयों के बीच पहली सचिव-स्तरीय बैठक संपन्न हुई।
- **भौगोलिक अवस्थिति:** यह **उप-सहारा अफ्रीका (SSA) क्षेत्र का सबसे बड़ा** देश है। साथ ही, यह **अल्जीरिया के बाद अफ्रीका महाद्वीप का दूसरा सबसे बड़ा** देश है।
- **प्रादेशिक सीमाएं:** इसकी स्थलीय-सीमाएं कुल 9 देशों से लगती हैं। ये देश हैं- **अंगोला, बुरुंडी, सेंट्रल अफ्रीकन रिपब्लिक, रिपब्लिक ऑफ़ कांगो, रवांडा, सूडान, तंजानिया, युगांडा और जाम्बिया** से लगती है।
- **समुद्री सीमा: अटलांटिक महासागर** से लगती है।




## 17. घाना (राजधानी: अकरा)

- **संदर्भ:** भारत और घाना **अकरा में आयोजित चौथी संयुक्त व्यापार समिति की बैठक** में व्यापार संबंधों को मजबूत करने पर सहमत हुए।
- **भौगोलिक अवस्थिति:** यह **गिनी की खाड़ी** पर स्थित एक **पश्चिम अफ्रीकी** देश है।
- **भूमि सीमा:** इसके उत्तर में **बुर्किना फासो,** पूर्व में **टोगो** और पश्चिम में **कोटे डी आइवर** स्थित है।
- **समुद्री सीमा:** इसकी समुद्री सीमा दक्षिण में **अटलांटिक महासागर** से लगती है।



## 18. माली (राजधानी: बमाको)

- **संदर्भ:** माली की सरकार ने देश की मीडिया पर राजनीतिक दलों और संघों की गतिविधियों की रिपोर्टिंग करने पर प्रतिबंध लगा दिया है।
- **अवस्थिति:** यह **पश्चिमी अफ्रीका का एक स्थलरुद्ध देश** है।
- **भू-सीमाएं:** यह उत्तर में **अल्जीरिया;** पूर्व में **नाइजर व बुर्किना फासो;** दक्षिण में **कोटे डी आइवर एवं गिनी;** तथा पश्चिम में **सेनेगल और मॉरिटानिया** से घिरा हुआ है।
- **भौगोलिक क्षेत्र:** इसका अधिकांश भाग **साहेल क्षेत्र** में स्थित है। साहेल क्षेत्र **उत्तर में शुष्क सहारा मरुस्थल तथा दक्षिण में आर्द्र सवाना की पेटी के मध्य एक संक्रमणकालीन** क्षेत्र है।




## 19. जाम्बिया (राजधानी: लुसाका)

- **संदर्भ:** हाल ही में, **जाम्बिया-भारत संयुक्त स्थायी सहयोग आयोग का छठा सत्र लुसाका में आयोजित** किया गया।
- यह **दक्षिण-मध्य अफ्रीका में स्थित एक भू-आबद्ध** (Land-locked) देश है।
- **भू-सीमाएं:** इसकी सीमाएं उत्तर में **तंजानिया,** पूर्व में **मलावी,** दक्षिण-पूर्व में **मोजाम्बिक,** दक्षिण में **जिम्बाब्वे,** दक्षिण-पश्चिम में **बोत्सवाना और नामीबिया,** पश्चिम में **अंगोला** तथा उत्तर-पश्चिम में **डेमोक्रेटिक रिपब्लिक ऑफ कांगो** से लगती हैं।




## 20. मेक्सिको (राजधानी: मेक्सिको सिटी)

- **संदर्भ:** मेक्सिको **न्यायाधीशों के लोकप्रिय चुनाव को मंजूरी** देने वाला पहला देश बन गया।
- इसके अलावा, **क्लाउडिया शीनबाम** मेक्सिको की पहली महिला राष्ट्रपति चुनी गईं।
- **स्थलीय सीमाएं:** इसकी सीमाएं उत्तर में **संयुक्त राज्य अमेरिका** तथा दक्षिण-पूर्व में **ग्वाटेमाला व बेलीज़** से लगती हैं।
- **समुद्री सीमाएं:** इसकी सीमाएं पश्चिम और दक्षिण में **प्रशांत महासागर,** पूर्व में **मेक्सिको की खाड़ी** तथा दक्षिण-पूर्व में **कैरेबियन सागर** से लगती हैं।



## 21. बोलीविया [राजधानी: ला पाज़ (प्रशासनिक) तथा सुक्रे (संवैधानिक)]

- **संदर्भ:** बोलीविया **अमेरिकी डॉलर पर अत्यधिक निर्भरता, अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा भंडार के खत्म होने और बढ़ते कर्ज के कारण आर्थिक संकट** का सामना कर रहा है।
- **भू-सीमा:** इसके उत्तर-पूर्व में **ब्राजील;** दक्षिण-पूर्व में **पैराग्वे;** दक्षिण में **अर्जेंटीना;** दक्षिण-पश्चिम और पश्चिम में **चिली;** तथा उत्तर-पश्चिम में **पेरू** स्थित है।




## 22. पनामा (राजधानी: पनामा सिटी)

- **संदर्भ: पनामा,** जलवायु परिवर्तन के प्रभाव के कारण **गार्डी सुगदुब द्वीप** पर रहने वाले समुदाय को द्वीप से हटाने वाला पहला देश बन गया है।
- **अवस्थिति:** पनामा एक मध्य अमेरिकी देश है। यह **पनामा स्थलसंधि** पर स्थित है।
- **पनामा स्थलसंधि** उत्तरी और दक्षिणी अमेरिका को जोड़ने वाला एक **संकरा भूखंड** है।
- **स्थलीय सीमाएं:** इसकी स्थलीय सीमा पश्चिम में कोस्टा रिका और पूर्व में कोलंबिया से लगती है।
- **समुद्री सीमाएं:** इसकी समुद्री सीमा उत्तर में कैरेबियन सागर और दक्षिण में प्रशांत महासागर से लगती है।




## 23. त्रिनिदाद एंड टोबैगो (राजधानी: पोर्ट ऑफ स्पेन)

- **संदर्भ:** त्रिनिदाद एंड टोबैगो **कैरिबियन क्षेत्र का ऐसा पहला देश बन गया है, जिसने भारत के यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस (UPI) प्लेटफॉर्म** को अपनाया है।
- **भौगोलिक अवस्थिति:** यह अटलांटिक महासागर में दक्षिण-पूर्वी वेस्ट इंडीज का द्वीपीय देश है।
- **निकटता:** यह **दक्षिण अमेरिका** महाद्वीप के नजदीक, **वेनेजुएला** के उत्तर-पूर्व और **गुयाना** के उत्तर-पश्चिम में अवस्थित है



## 24. न्यूजीलैंड (राजधानी: वेलिंगटन)

- **संदर्भ:** भारत की राष्ट्रपति ने **न्यूजीलैंड में अंतर्राष्ट्रीय शिक्षा सम्मेलन** को संबोधित किया। इस वर्ष इस सम्मेलन में **भारत 'कंट्री ऑफ ऑनर'** है।
- **भौगोलिक अवस्थिति:** यह **दक्षिण प्रशांत महासागर** में स्थित एक **द्वीपीय देश** है। यह **मकर रेखा और अंटार्कटिक वृत्त** के बीच स्थित है।
- **घटक: यह उत्तरी द्वीप और दक्षिणी द्वीप** नामक दो मुख्य भू-भागों से मिलकर बना है। **कुक जलसंधि** इन दोनों भू-भागों को अलग करती है।




## 25. क्रोएशिया (राजधानी: जाग्रेब)

- **संदर्भ:** आंद्रेज प्लेंकोविक लगातार तीसरे कार्यकाल के लिए क्रोएशिया के प्रधान मंत्री नियुक्त हुए हैं।
- **भौगोलिक अवस्थिति: क्रोएशिया दक्षिण-पूर्वी यूरोप** में अवस्थित है। यह देश **बाल्कन प्रायद्वीप** का हिस्सा है।
- **स्थलीय सीमाएं:** इसकी सीमा उत्तर में **हंगरी** और **स्लोवेनिया** से; पूर्व में **सर्बिया** से तथा दक्षिण और पूर्व, दोनों में **बोस्निया** एवं **हर्जेगोविना** से लगती है। इसके पश्चिम में **एड्रियाटिक सागर** है।




## 26. रिपब्लिक ऑफ आयरलैंड (राजधानी: डबलिन)

- **संदर्भ: आयरलैंड की संसद ने एक नए प्रधान मंत्री का चुनाव किया।**
- **भौगोलिक अवस्थिति:** यह **ग्रेट ब्रिटेन के पश्चिम में स्थित एक द्वीप के बहुत बड़े भाग को सम्मिलित** करता है। इस द्वीप का दूसरा भाग **उत्तरी आयरलैंड** है।
- **सीमावर्ती देश:** उत्तर दिशा में **उत्तरी आयरलैंड** (यूनाइटेड किंगडम)।
- **सीमावर्ती जल निकाय:** पश्चिम में **अटलांटिक महासागर,** दक्षिण में **सेल्टिक सागर** तथा पूर्व में **आयरिश सागर।**



## 27. ग्रीस (राजधानी: एथेंस)

- **संदर्भ:** एक हालिया रिपोर्ट में चेतावनी दी गई है कि ग्रीस चिंताजनक रूप से जनसंख्या में गिरावट का सामना कर रहा है।
- **अवस्थिति:** यह **बाल्कन प्रायद्वीप** के सुदूर दक्षिण में अवस्थित है।
- **स्थलीय सीमाएं:** इसकी स्थलीय सीमाएं **अल्बानिया, बुल्गारिया, तुर्की और मैसेडोनिया गणराज्य** से लगती हैं।
- **सीमावर्ती जल निकाय:** इसके पूर्व में **एजियन सागर,** दक्षिण में **भूमध्य सागर** और पश्चिम में **आयोनियन सागर** अवस्थित हैं।




## 28. नीदरलैंड (राजधानी: एम्स्टर्डम)

- **संदर्भ:** 12वां **"भारत-नीदरलैंड विदेश कार्यालय परामर्श"** हेग (नीदरलैंड) में आयोजित किया गया।
- **अवस्थिति:** यह देश उत्तर-पश्चिमी यूरोप में अवस्थित है। इस देश को **हॉलैंड** के नाम से भी जाना जाता है।
- **भू-सीमा:** इसकी सीमाएं दक्षिण में **बेल्जियम** और पूर्व में **जर्मनी** से लगती है।
- **जल निकाय:** इसके उत्तर और पश्चिम में **उत्तरी सागर** स्थित है।




## 29. लाटविया (राजधानी: रीगा)

- **संदर्भ:** भारत ने लाटविया में नए **रेजिडेंट मिशन** का संचालन किया।
- यह **यूरोपीय संघ (EU) और नाटो** का सदस्य है।
- यह **उत्तर-पूर्वी यूरोप** में स्थित है।
- **भूमि सीमाएं:** उत्तर में **एस्टोनिया;** पूर्व में **रूस;** दक्षिण-पूर्व में **बेलारूस;** और दक्षिण में **लिथुआनिया** से लगती हैं।
- **समुद्री सीमाएं:** बाल्टिक सागर और रीगा की खाड़ी से लगती हैं



## 30. सितवे बंदरगाह (म्यांमार)

- **संदर्भ:** विदेश मंत्रालय (MEA) की मंजूरी के बाद भारत ने **सितवे बंदरगाह (म्यांमार) को संचालित करने का अधिकार** सुरक्षित कर लिया है। सितवे **दूसरा विदेशी बंदरगाह** है, जिसके संचालन का अधिकार भारत को प्राप्त हुआ है। ऐसा पहला विदेशी बंदरगाह **चाबहार (ईरान)** है।
- **सितवे बंदरगाह के बारे में:** यह **गहरे जल वाला बंदरगाह** है। यह म्यांमार के **रखाइन प्रांत में कलादान नदी** के मुहाने पर स्थित है।
- **महत्त्व:** भारत के पूर्वोत्तर राज्यों के लिए **व्यापार और पारगमन के नए अवसर** के द्वार खोलेगा; भारत एवं म्यांमार के बीच **व्यापार व वाणिज्य को बढ़ावा** देगा आदि।




## 31. सेंट मार्टिन आईलैंड

- **संदर्भ:** कुछ रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि संयुक्त राज्य अमेरिका बांग्लादेश के **सेंट मार्टिन आईलैंड** में सैन्य अड्डा स्थापित करना चाहता था।
- **अवस्थिति:** यह एक लघु आकार का **मूंगा द्वीप (कोरल आइलैंड)** है। यह **बंगाल की खाड़ी** के उत्तर-पूर्वी भाग में स्थित है।
- **संप्रभुता समझौता: 1974 के समझौता** के तहत **म्यांमार ने इस द्वीप पर बांग्लादेश की संप्रभुता को स्वीकार कर लिया** था।




## 32. गुआम द्वीप

- **संदर्भ: भारत का INS शिवालिक पोत संयुक्त राज्य अमेरिकी क्षेत्र गुआम** पहुंचा।
- **अवस्थिति:** गुआम **मारियाना द्वीप श्रृंखला में सबसे बड़ा और सबसे दक्षिणी** द्वीप है। मारियाना द्वीप श्रृंखला उत्तरी प्रशांत महासागर में स्थित है।



## 33. सीन नदी

- **संदर्भ:** पेरिस की मेयर ने 2024 के ओलंपिक खेलों से पहले **सीन नदी की स्वच्छता को दिखाने** के लिए इसमें डुबकी लगाई।
- **लंबाई:** यह **फ्रांस की दूसरी सबसे लंबी** नदी है। फ्रांस की **सबसे लंबी नदी लोयर** है।
- **प्रवाह:** यह **पेरिस** से होते हुए उत्तर-पश्चिमी दिशा की ओर बहती है। यह **ले हावरे** के पास **इंग्लिश चैनल** में मिल जाती है।
- **उद्गम:** फ्रांस में **डिजॉन के पास।**
- **प्रमुख सहायक नदियां:** मार्ने, औबे और योन्ने।




## 34. तुर्काना झील (Lake Turkana)

- **संदर्भ:** तुर्काना झील पर पिछले 50 वर्षों में पहली बार व्यापक सर्वेक्षण किया गया। यह सर्वेक्षण **यूनेस्को और विश्व खाद्य कार्यक्रम (WFP)** द्वारा संचालित किया गया था। इस सर्वेक्षण या शोध परियोजना से झील में मछली पालन की अपार क्षमताओं का पता चला है।
- **अवस्थिति:** यह झील **उत्तर-पश्चिमी केन्या और दक्षिण-पश्चिमी इथियोपिया** में स्थित है।
- **महत्त्व:** यह **अफ्रीका महाद्वीप की चौथी सबसे बड़ी झील** है। साथ ही, यह **विश्व की सबसे बड़ी स्थायी रेगिस्तानी और क्षारीय झील** भी है।
- **जल का स्रोत:** इस झील को **90% से अधिक जल इथियोपिया की ओमो नदी** से प्राप्त होता है।




## 35. माउंट किलिमंजारो

- **संदर्भ:** भारत के रक्षा मंत्रालय के तत्वावधान में एक अभियान दल ने **किलिमंजारो के उहुरू शिखर** पर भारतीय राष्ट्रीय ध्वज फहराया है।
- **अवस्थिति: तंजानिया** (अफ्रीका)।
- **ऊंचाई:** यह **अफ्रीका की सबसे ऊंची चोटी (5,895 मीटर)** है।
- **महत्त्व:** यह किसी पर्वत श्रृंखला का हिस्सा नहीं है, और दुनिया का सबसे बड़ा स्वतंत्र पर्वत है।
- **प्रकार:** यह एक **स्ट्रैटोवोलकानो** है। स्ट्रैटोवोलकैनो अपेक्षाकृत खड़ी ढलान वाले होते हैं और ढाल वाली ज्वालामुखियों की तुलना में **अधिक शंक्वाकार** होते हैं। वे चिपचिपे लावा के निकलने से बनते हैं।



## 36. लिपुलेख दर्रा

- **संदर्भ:** भारतीय व्यापारी **लिपुलेख दर्रे से होकर चीन के साथ सीमा व्यापार को फिर से शुरू करने की मांग** कर रहे हैं। ज्ञातव्य है कि इस मार्ग को **कोविड-19 महामारी के दौरान बंद** कर दिया गया था।
- **अवस्थिति:** यह **भारत, चीन (तिब्बत)** और **नेपाल के ट्राई-जंक्शन** के करीब स्थित है। यह दर्रा **उत्तराखंड के पिथौरागढ़ जिले** में स्थित है।
- यह **कुमाऊं क्षेत्र का एक प्रमुख दर्रा है और व्यास घाटी** में स्थित है।
- लिपुलेख दर्रे से होकर यात्रा करने से **कैलाश मानसरोवर तीर्थ यात्रा में लगने वाला समय काफी कम** हो जाता है।




## 37. स्वेज नहर मार्ग

- **संदर्भ:** भारत से यूरोप को ईंधन का निर्यात अब स्वेज नहर रूट की बजाय केप ऑफ गुड होप से किया जा रहा है।
- **अवस्थिति:** मिस्र
- स्वेज नहर **भूमध्य सागर और लाल सागर** को जोड़ती है।
- यह **एशिया और यूरोप के बीच सबसे छोटा समुद्री मार्ग** है।



## 38. भारत-मध्य पूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारा (IMEC)

- **संदर्भ:** भारत के विदेश मंत्री ने **CII इंडिया मेडिटेरेनियन बिजनेस कॉन्क्लेव** को संबोधित करते हुए कहा कि **IMEC ग्लोबल कनेक्टिविटी की आधारशिला होगी।**







# 1.4. द्विपक्षीय संबंध (Bilateral Relations)

## 1. भारत-चीन सीमा

- हाल ही में, भारत और चीन **वास्तविक नियंत्रण रेखा (LAC)** से सटे **देपसांग और डेमचोक** के इलाकों से **सैनिकों की वापसी** तथा **गश्ती व्यवस्था फिर से शुरू** करने पर सहमत हुए। इसका अर्थ यह है कि मई, 2020 से पहले LAC पर जो स्थिति थी, उसे फिर से बहाल कर दिया गया है।




## 2. पैंगोंग त्सो

- एक रिपोर्ट के अनुसार, चीन ने पैंगोंग झील के पास 400 मीटर लंबे पुल का निर्माण कार्य पूरा किया।
- **पैंगोंग त्सो के बारे में:**
  - यह **लद्दाख के लेह जिले में स्थित एक एंडोर्फिक यानी चारों ओर से भूमि से घिरी** हुई झील है।
  - पैंगोंग झील **विश्व में सबसे अधिक ऊंचाई पर स्थित खारे जल की झील** है।
  - **पैंगोंग झील का एक तिहाई हिस्सा भारत में और दो तिहाई हिस्सा चीन** में है।
  - **न तो सिंधु नदी बेसिन का हिस्सा है और न ही रामसर साइट है।**
- पूर्व में, **पैंगोंग झील का निकास श्योक नदी** तक था, लेकिन प्राकृतिक अवरोध के कारण यह बंद हो गया था। श्योक **सिंधु की एक सहायक** नदी है।




## 3. चीन के बारे में (राजधानी: बीजिंग)

- **भौगोलिक विशेषताएं**
  - **महत्वपूर्ण नदियां:** यांग्त्ज़ी नदी, पीली नदी, मेकांग नदी, अमूर नदी, आदि।
  - **मरुस्थल: तक्लीमाकन या ताकला माकन मरुस्थल** चीन का सबसे बड़ा और दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा मरुस्थल है।
  - **पर्वत श्रृंखलाएं:** कुनलुनशान पर्वत, तियानशान पर्वत, आदि।



## 4. नेपाल

- संदर्भ: नेपाल ने कुछ भारतीय राज्यक्षेत्रों को दर्शाते हुए **100 रुपये का नया नोट जारी** करने का निर्णय लिया है।

**नेपाल के बारे में (राजधानी: काठमांडू)**

**महत्वपूर्ण विशेषताएं**

- **स्थलीय सीमाएं:** यह **भारत और चीन के तिब्बत स्वायत्त क्षेत्र के बीच स्थित एक स्थलरुद्ध** देश है।
- नेपाल भारत के **पांच राज्यों (बिहार, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, पश्चिम बंगाल और सिक्किम) के साथ 1,800 कि.मी.** से अधिक लंबी व खुली सीमा साझा करता है।
- **पर्वत शिखर:** यहां **एवरेस्ट, धौलागिरी, अन्नपूर्णा** जैसी दुनिया की कई सबसे ऊंची चोटियां अवस्थित हैं।
- **नदी बेसिन:** कोसी नदी बेसिन और गंडकी नदी बेसिन।




## 5. भूटान

- हाल ही में, भारत के प्रधान मंत्री ने भूटान की राजकीय यात्रा की। इस यात्रा के दौरान भारत के प्रधान मंत्री को भूटान के सर्वोच्च नागरिक सम्मान, **'ऑर्डर ऑफ द ड्रुक ग्यालपो'** से सम्मानित किया गया।

**भूटान के बारे में (राजधानी: थिम्पू)**

**भौगोलिक विशेषताएं**

- यह **भारत के चार राज्यों के अपनी** सीमा साझा करता है। ये चार राज्य हैं- **असम, अरुणाचल प्रदेश, पश्चिम बंगाल और सिक्किम।**
- **भू-आकृतियां:** यह ऊबड़-खाबड़ भू-भाग वाला एक पहाड़ी देश है, जो **पूर्वी हिमालय** का हिस्सा है।
- **प्रमुख नदियां:** अमो चू (पश्चिम बंगाल में बहती है और **टोरसा** कहलाती है); मानस नदी (असम में बहती है) आदि।
- **महत्वपूर्ण चोटियां:** गंगखार प्यूनसम
- **अन्य प्रमुख तथ्य:**
  - भूटान **विश्व का पहला कार्बन नेगेटिव देश** है।
  - भूटान **सकल घरेलू उत्पाद (GDP)** की बजाय **सकल राष्ट्रीय खुशहाली (Gross National Happiness: GNH) को प्रोत्साहित करने के अपने दर्शन** के लिए जाना जाता है।




## 6. बांग्लादेश

- **संदर्भ:** प्रधान मंत्री शेख हसीना के अपदस्थ होने के बाद नोबेल पुरस्कार विजेता **मोहम्मद यूनुस ने बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के प्रमुख के रूप में शपथ** ली।

**बांग्लादेश के बारे में (राजधानी: ढाका)**

**भौगोलिक विशेषताएं**

- **स्थलीय सीमाएं:** बांग्लादेश, **भारत के 5 राज्यों (पश्चिम बंगाल, त्रिपुरा, मेघालय, मिजोरम और असम)** के साथ 4,096 कि.मी. लंबी सीमा और म्यांमार (दक्षिण-पूर्व) के साथ सीमा साझा करता है।
- **जलीय सीमाएं:** बंगाल की खाड़ी
- **नदी:** ब्रह्मपुत्र नदी की निचली धारा को बांग्लादेश में **जमुना** कहा जाता है, जो बांग्लादेश की सबसे लंबी नदी है।
- **वन:** सुंदरबन मैंग्रोव वन का लगभग **60% हिस्से बांग्लादेश** में है।



## 7. मालदीव




- **संदर्भ:** हाल ही में, मालदीव के राष्ट्रपति ने पिछले साल राष्ट्रपति चुनाव जीतने के बाद भारत की अपनी पहली द्विपक्षीय राजकीय यात्रा की।

**मालदीव के बारे में (राजधानी: माले)**

**भौगोलिक विशेषताएं:**

- यह **प्राकृतिक एटॉल** से निर्मित एक द्वीपीय देश है।
- **जलीय सीमाएं:** यह चारों तरफ से **हिंद महासागर** से घिरा हुआ है।
- **हिंद महासागर में चैनल्स:**
  - **8 डिग्री चैनल, मालदीव को लक्षद्वीप द्वीप समूह** से अलग करता है।
  - **9 डिग्री चैनल:** यह **मिनिकॉय को मुख्य लक्षद्वीप द्वीपसमूह** से अलग करता है।
  - **10 डिग्री चैनल:** बंगाल की खाड़ी में **अंडमान द्वीप समूह और निकोबार द्वीप समूह** को अलग करता है।

## 8. रूस




- **संदर्भ:** जुलाई 2024 में, **22वां भारत-रूस वार्षिक शिखर सम्मेलन** संपन्न हुआ। भारत के प्रधान मंत्री ने मास्को में रूसी राष्ट्रपति के साथ वार्षिक शिखर सम्मेलन की सह-अध्यक्षता की।

**रूस के बारे में (राजधानी: मॉस्को)**

**भौगोलिक विशेषताएं**

- भू-आकृतियां: यूराल पर्वत (**यूरोप और एशिया को विभाजित** करता है); काकेशस पर्वत श्रृंखला: इसमें **यूरोप** की सबसे ऊंची चोटी **माउंट एल्ब्रस** शामिल है।
- **महत्वपूर्ण नदी:** वोल्गा नदी (**यूरोप की सबसे लंबी** नदी)।
- **महत्वपूर्ण झीलें:** बैकाल झील (दुनिया की **सबसे गहरी और सबसे पुरानी मीठे पानी** की झील); **कैस्पियन सागर:** सबसे बड़ा चारों ओर भूमि से घिरा हुआ अंतर्देशीय जल निकाय।

## 9. संयुक्त राज्य अमेरिका




- **संदर्भ:** भारत के रक्षा मंत्री की संयुक्त राज्य अमेरिका की यात्रा के दौरान **सिक्योरिटी ऑफ सप्लाई अरेंजमेंट (SOSA)** समझौते पर हस्ताक्षर किए गए।

**संयुक्त राज्य अमेरिका के बारे में (राजधानी: वाशिंगटन, डी.सी.)**

**महत्वपूर्ण विशेषताएं:**

- **महत्वपूर्ण नदी:** मिसिसिपी (सबसे लंबी नदी)
- **महत्वपूर्ण झीलें:** ग्रेट लेक्स (लेक सुपीरियर, लेक ह्यूरन, लेक मिशिगन, लेक एरी और लेक ओंटारियो)
- **महत्वपूर्ण पर्वत श्रृंखलाएं:** रॉकी पर्वत, अप्लेशियन पर्वत श्रृंखला, सिएरा नेवादा, आदि
- **महत्वपूर्ण मरुस्थल:** मोजावे, ग्रेट बेसिन, आदि

## 10. यूनाइटेड किंगडम

- **संदर्भ:** हाल ही में, **भारत और यूनाइटेड किंगडम ने स्वास्थ्य और लाइफ़ साइंस में सहयोग को मजबूत करने के लिए एक समझौते** पर हस्ताक्षर किए।

**यूनाइटेड किंगडम के बारे में (राजधानी: लंदन)**

**भौगोलिक विशेषताएं:**

- **यूनाइटेड किंगडम के 4 घटक देश:** यूनाइटेड किंगडम में इंग्लैंड, स्कॉटलैंड, वेल्स और नदर्न आयरलैंड शामिल हैं।
- **स्थलीय सीमाएं: पश्चिमी आयरलैंड**
- **पर्वत श्रृंखलाएं:** पेनिंस




## 11. ऑस्ट्रेलिया

- **संदर्भ:** ऑस्ट्रेलियाई सरकार ने अपनी **नेशनल डिफेंस स्ट्रेटजी (NDS) 2024** में भारत को **इंडो-पैसिफिक रीजन (IPR) में "शीर्ष स्तरीय सुरक्षा भागीदार"** के रूप में शामिल किया है।

**ऑस्ट्रेलिया के बारे में (राजधानी: कैनबरा)**

**भौगोलिक विशेषताएं:**

- **महत्वपूर्ण नदियां:** मर्रे नदी (सबसे लंबी नदी)।
- **ग्रेट बैरियर रीफ:** दुनिया की सबसे बड़ी मूंगा चट्टान प्रणाली, जो कोरल सागर में ऑस्ट्रेलिया के उत्तर-पूर्वी तट के किनारे स्थित है।
- **अन्य मुख्य तथ्य:** ऑस्ट्रेलिया सबसे समतल महाद्वीप है। इसके अलावा यहाँ पृथ्वी की ज्ञात सबसे पुरानी भूवैज्ञानिक संरचनाएं मौजूद हैं।




## 12. जापान

- **संदर्भ:** भारत और जापान के प्रधान मंत्रियों ने **इटली के अपुलिया में G-7 शिखर सम्मेलन के दौरान द्विपक्षीय बैठक** की।

**जापान के बारे में (राजधानी: टोक्यो)**

**भौगोलिक विशेषताएं:**

- **द्वीपीय संरचना:** जापान चार मुख्य द्वीपों से बना है: होक्काइडो, होंशू (सबसे बड़ा), शिकोकू और क्यूशू।
- जापान **पेसिफ़िक रिंग ऑफ फायर के पश्चिमी किनारे** पर अवस्थित है।



## 13. दक्षिण-पूर्वी एशिया

- **संदर्भ:** भारत के प्रधान मंत्री ने **सिंगापुर,** वियतनाम और मलेशिया की यात्रा की।



# 2. अर्थव्यवस्था (ECONOMY)

## 2.1. सुर्ख़ियों में रहे स्थल (Places in News)

### 1. मॉरीशस




- भारत और मॉरीशस ने एक प्रोटोकॉल पर हस्ताक्षर किए हैं। हालांकि अभी तक इस प्रोटोकॉल की पुष्टि नहीं हुई है। इसके तहत दोहरे कराधान बचाव समझौते (DTAA) में संशोधन किया जाएगा।

### 2. त्रिनिदाद एंड टोबैगो




- **NPCI इंटरनेशनल पेमेंट्स लिमिटेड (NIPL) ने यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफ़ेस** (UPI) जैसी भुगतान प्रणाली विकसित करने के लिए **त्रिनिदाद एंड टोबैगो** के साथ साझेदारी की है। इस साझेदारी का उद्देश्य UPI के अंतर्राष्ट्रीयकरण को बढ़ावा देना है।

### 3. जिम्बाब्वे




- हाल ही में, **जिम्बाब्वे ने ZiG/ जिग** नामक स्वर्ण-समर्थित मुद्रा जारी की है।

### 4. भारत के महापत्तन




- हाल ही में, प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने **महाराष्ट्र के पालघर में वधावन बंदरगाह** की आधारशिला रखी।

VISIONIAS INSPIRING INNOVATION

## 5. संयुक्त अरब अमीरात




- विश्व व्यापार संगठन (WTO) का **13वां मंत्रिस्तरीय सम्मेलन (MC13)** संयुक्त अरब अमीरात के **अबू धाबी** में संपन्न हुआ। इस सम्मेलन में **पब्लिक स्टॉकहोल्डिंग (PSH)** से जुड़े मुद्दे का कोई स्थायी समाधान नहीं निकल पाया।

## 6. बिहार के पहले शुष्क बंदरगाह




- हाल ही में, बिहार की राजधानी पटना के पास **बिहटा** में राज्य के पहले ड्राई पोर्ट का उद्घाटन किया।

## 7. पेट्रापोल, पश्चिम बंगाल




- हाल ही में, **केंद्रीय गृह मंत्री ने पश्चिम बंगाल के पेट्रापोल में भारतीय भूमि पत्तन प्राधिकरण** द्वारा निर्मित नए **यात्री टर्मिनल भवन** का उद्घाटन किया।

## 8. जिनेवा, स्विट्जरलैंड




- **विश्व बौद्धिक संपदा संगठन (WIPO)** ने "बौद्धिक संपदा, आनुवंशिक संसाधनों और संबंधित पारंपरिक ज्ञान पर संधि" को जिनेवा, स्विट्ज़रलैंड स्थित अपने मुख्यालय में आधिकारिक रूप से अपनाया।

# 3. पर्यावरण (ENVIRONMENT)

## 3.1. भारत में बायोस्फीयर रिजर्व (Biosphere Reserve in India)




| Ramsar Convention on Wetlands | MAB Biosphere reserve under MAB | UNESCO World Heritage Site (Natural) | UNESCO World Heritage Site (Mixed) |
| --- | --- | --- | --- |
| रामसर स्थल | यूनेस्को मैन एंड बायोस्फीयर (MAB) कार्यक्रम | यूनेस्को विश्व विरासत स्थल (प्राकृतिक) | यूनेस्को विश्व विरासत स्थल (मिश्रित) |

# 3.2. भारत में प्रवाल (Corals in India)



# 3.3. सुर्ख़ियों में रही आर्द्रभूमियां (Wetlands in News)

## पैंगोंग त्सो झील

- यह एक **एंडोर्फिक (भू-आबद्ध) झील** है।
- यह **विश्व में सर्वाधिक ऊंचाई पर स्थित खारे पानी की झील** है।
  - इस **झील का एक तिहाई हिस्सा** भारत में है।
- इस झील के **जल का रंग अलग-अलग समय पर अलग-अलग** दिखता है।
- यह **सिंधु नदी बेसिन** का हिस्सा नहीं है।

## काँवर झील या कबरताल वेटलैंड

- काँवर झील **मीठे पानी की एक प्राकृतिक आर्द्रभूमि** है।
- इस झील को **गंडक, बाया और करेह नदियों** से पानी मिलता है।
- यह **बिहार का पहला रामसर स्थल** है।
- यह **मध्य एशियाई उड़ान मार्ग पर प्रवासी पक्षियों** के लिए एक महत्वपूर्ण **ठहराव स्थल** है।




## पुलिकट झील

- यह **आंध्र प्रदेश और तमिलनाडु की सीमा पर** अवस्थित है।
- चिल्का झील (ओडिशा) के बाद यह **भारत की दूसरी सबसे बड़ी खारे जल वाली लैगून झील** है।
- **श्रीहरिकोटा द्वीप** इस झील को बंगाल की खाड़ी से अलग करता है।
- यह झील मुख्य रूप से **कलंगी और अरनी नदी** से जल प्राप्त करती है।
- इस झील में बड़ी संख्या में **फ्लेमिंगो पक्षी** आते हैं।

## सुंदरबन मैंग्रोव

- यह विश्व का **सबसे बड़ा** मैंग्रोव पारिस्थितिकी-तंत्र है।
- इसका नाम **हेरिटिएरा फोम्स प्रजाति के वृक्ष** के नाम पर रखा गया है, जिसे **बंगाली भाषा में सुंदरी वृक्ष** के नाम से जाना जाता है।
- यह **विश्व का सबसे बड़ा डेल्टा** है। यह **बंगाल की खाड़ी पर गंगा, ब्रह्मपुत्र और मेघना नदियों के डेल्टा** पर स्थित है।

**रामसर स्थल** | **यूनेस्को मैन एंड बायोस्फीयर (MAB) कार्यक्रम** | **यूनेस्को विश्व विरासत स्थल (मिश्रित)**

# 3.4. भारत का भू-तापीय मानचित्र (Geothermal map of India)



# 3.5. भारत: सुर्ख़ियों में रही नदियां (India: Rivers in News)



## शरावती नदी

- NGT ने **कर्नाटक सरकार** को शरावती नदी में अवैध रेत खनन पर अंकुश लगाने का निर्देश दिया है।
  - **उद्गम:** कर्नाटक के **शिमोगा जिले में अंबुतीर्थ** (पश्चिमी घाट) से।
  - **प्रमुख सहायक नदियां:** हरिद्रवती, येनहोल, नागोडी, आदि।
  - **जलप्रपात:** जोग जलप्रपात; यह काफी ऊंचा जलप्रपात है।
  - **संरक्षित क्षेत्र:** शरावती घाटी वन्यजीव अभयारण्य शरावती नदी घाटी में अवस्थित है।
  - **बांध:** महात्मा गांधी पनबिजली पॉवर स्टेशन।



## सुबनसिरी नदी

- **सुबनसिरी लोअर हाइड्रो इलेक्ट्रिक प्रोजेक्ट (SLHEP)** में एक व्यापक **मत्स्य प्रबंधन योजना** के कार्यान्वयन के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए गए हैं।
  - **उद्गम:** तिब्बत में **कांगिग ग्लेशियर श्रेणी** से।
  - भारत में यह अरुणाचल प्रदेश में प्रवेश करती है।
  - यह **ब्रह्मपुत्र की सहायक नदी** (दाहिने तट) है। असम के मैदानी भाग में यह ब्रह्मपुत्र नदी से मिलती है।
  - **प्रमुख सहायक नदियां:** लारो, नी, युम, त्सारी, कमला, आदि।





## जियाधल नदी

- जलवायु परिवर्तन के कारण जियाधल नदी का प्राकृतिक अपवाह बाधित हो रहा है।
- यह **ब्रह्मपुत्र की सहायक नदी** है। यह ब्रह्मपुत्र में उसके **उत्तरी किनारे** की ओर से मिलती है।
- **उद्गम: अरुणाचल प्रदेश** में **लघु हिमालय श्रेणी** से।
- यह नदी **असम से होकर बहती हुई माजुली द्वीप के पास ब्रह्मपुत्र** में मिल जाती है।



## पेरियार नदी

- पेरियार नदी में **बड़ी संख्या में मछलियों के मरने की घटना** दर्ज की गई है।
- यह **केरल की एक बारहमासी और सबसे लंबी** नदी है।
- **उद्गम: पश्चिमी घाट की शिवगिरि पहाड़ियों** से।
- यह **पेरियार टाइगर रिजर्व** से होकर बहती है और **पेरियार झील** (मानव निर्मित जलाशय) तक पहुंचती है।
  - यहां से पानी **वेम्बनाड झील** में और अंत में **अरब सागर** में गिरता है।
- **प्रमुख सहायक नदियां:** मुतिरापुड़यार, मुल्लायार, चेरुतोनी, पेरिंजनकुट्टी, एडमाला, आदि।
- **मुख्य बांध:** इडुक्की, मुल्लापेरियार, एडमालायर, आदि।

## तिज़ू-ज़ुंगकी नदी

- **भारतीय अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण और नागालैंड सरकार के परिवहन विभाग ने तिज़ू-ज़ुंगकी नदी का राष्ट्रीय जलमार्ग 101** के रूप में विकास के लिए विस्तृत व्यवहार्यता अध्ययन करने का निर्णय लिया है।
- **तिज़ू (उद्गम: नागालैंड):**
  - यह **छिंदविन नदी (इरावदी की सहायक नदी)** में मिलती है।
  - **मुख्य सहायक नदियां: ज़ुंगकी, लान्ये और लिकिमरो।**
- **ज़ुंगकी:** यह **नागालैंड** में तिज़ू की सबसे बड़ी सहायक नदी है।



## नोय्यल नदी

- नोय्यल नदी का प्रवाह **प्लास्टिक और सीवेज प्रदूषण के कारण अवरुद्ध** हो गया है।
  - **उद्गम:** यह नदी **वेल्लियांगिरि पहाड़ियों** से निकलती है। वेल्लियांगिरि को **दक्षिण का कैलाश** कहा जाता है। ये पहाड़ियां **नीलगिरि बायोस्फीयर रिज़र्व** का एक भाग है।
  - **कावेरी की सहायक** नदी।



## ऊपरी सियांग जलविद्युत परियोजना

- **अरुणाचल प्रदेश** में ऊपरी सियांग जिले के स्थानीय लोग **ऊपरी सियांग जलविद्युत परियोजना** का विरोध कर रहे हैं।
  - **उद्गम:** यह नदी मानसरोवर झील (तिब्बत) के पास कैलाश पर्वतमाला में **अंगसी ग्लेशियर** से निकलती है।
  - **प्रमुख सहायक नदियां:** लोहित और दिबांग।
  - यह **असम के मैदानी भागों में दिहांग और लोहित** में मिलती है। इनसे मिलकर यह **ब्रह्मपुत्र** बन जाती है।

# 3.6. भारत: सुर्ख़ियों में रहे अन्य स्थल (India: Other Places in News)

## उमलिंग ला दर्रा

- न्यूस्पेस रिसर्च एंड टेक्नोलॉजीज ने उमलिंग ला दर्रे पर **100 किलोग्राम के मैक्स टेक ऑफ वेट (MTOW) मानव रहित हवाई वाहन (UAV) का सफलतापूर्वक** परीक्षण किया।
  - यह विश्व की **सबसे ऊंची मोटर यान परिवहन योग्य सड़क** होने के लिए भी प्रसिद्ध है। यह सड़क **'प्रोजेक्ट हिमांक' के तहत BRO** ने बनाई थी।
  - **उमलिंग ला विश्व का सबसे ऊंचा मोटरेबल दर्रा** है।

## लिपुलेख दर्रा

- तीर्थयात्रियों के पहले जत्थे ने **पुराने लिपुलेख दर्रे से कैलाश पर्वत** के दर्शन किए।
  - यह व्यास घाटी (उत्तराखंड) में अवस्थित **एक महत्वपूर्ण अंतर्राष्ट्रीय पर्वतीय दर्रा** है।
  - यह दर्रा **भारत, नेपाल और TAR (चीन)** के बीच ट्राई-जंक्शन बनाता है।
  - यहां **भूटिया समुदाय के लोग** रहते हैं।



## मुल्लापेरियार बांध

- **तमिलनाडु** ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर कर **केरल** सरकार पर मुल्लापेरियार बांध को मजबूत करने के कार्य में जानबूझकर बाधा डालने का आरोप लगाया है।
  - इस बांध का निर्माण 1887-1895 के दौरान किया गया था।
  - यह **केरल के इडुक्की जिले में पेरियार टाइगर रिजर्व के भीतर अवस्थित** है।
  - **उद्देश्य:** पेरियार नदी की जलधारा को **पूर्व की ओर तमिलनाडु (वैगई बेसिन) की ओर मोड़ना।**
  - **इस बांध का संचालन व रखरखाव तमिलनाडु** द्वारा किया जाता है।

## सियांग घाटी

- भारतीय शोधकर्ताओं ने सियांग घाटी में **'पैरापैराट्रेचिना नीला'** नामक **नीले रंग की चींटी** की एक नई प्रजाति की खोज की है।
  - यह मुख्य रूप से **अरुणाचल प्रदेश** में अवस्थित है।
  - यह **पूर्वी हिमालय जैव विविधता हॉटस्पॉट का हिस्सा** है।
  - **जनजातीय समूह: न्यीशी, आदी** इत्यादि जनजातियां मिलती हैं।

## प्रोमेनेड समुद्र तट, पुडुचेरी

- प्लैंकटन क्रैश यानी **प्लवकों की मृत्यु** की वजह से समुद्र तट का पानी लाल दिखने लगा था।

VISIONIAS INSPIRING INNOVATION

# 3.7. सुर्ख़ियों में रहे जल निकाय (Water Bodies)



### सीन नदी

- पेरिस की मेयर ने ओलंपिक खेलों से पहले **सीन नदी की स्वच्छता को दिखाने** के लिए इसमें डुबकी लगाई।
  - यह फ्रांस की दूसरी सबसे लंबी नदी है। फ्रांस की सबसे लंबी नदी लोयर है। यह इंग्लिश चैनल में मिल जाती है।

### नरवा नदी

- **रूस और एस्टोनिया के बीच एक नया विवाद आरंभ** हो गया है। यह विवाद **नरवा नदी** के नजदीक रूस और एस्टोनिया की सीमा को चिन्हित करने वाले नेविगेशन बुइ (Navigation Buoys) को रूस द्वारा हटाने के कारण शुरू हुआ है।

### यूराल नदी

- बर्फ पिघलने के कारण **यूराल नदी का जलस्तर बढ़** गया।
  - यह नदी **यूराल पर्वत से निकलती है और कैस्पियन सागर** में जाकर गिरती है।
  - **वोल्गा और डेन्यूब नदियों** के बाद यह **यूरोप की तीसरी सबसे लंबी नदी** है।

### नील

- **नील नदी बेसिन के जल संसाधनों के न्यायसंगत उपयोग पर संपन्न समझौता** लागू हो गया है।
- **9 देशों द्वारा वार्ता:** बुरुंडी, कांगो, मिस्र, इथियोपिया, केन्या, रवांडा, सूडान, तंजानिया और युगांडा।
- नील नदी **विश्व की सबसे लम्बी नदी है।** यह **विक्टोरिया झील** के जल स्रोत वाली धाराओं से उत्पन्न होती है।
- यह **भूमध्य सागर** में मिल जाती है।
- **इसकी दो मुख्य सहायक नदियां हैं:**
  - **श्वेत नील:** यह **बुरुंडी** और **रवांडा** से निकलती है; और
  - **नीली नील:** यह **इथियोपिया** से निकलती है।

### अरल सागर

- अरल सागर के सूखने से बने रेगिस्तान ने **मध्य एशिया** को अधिक धूल भरी जगह बना दिया है।

### तुर्काना झील

- तुर्काना झील पर पिछले 50 वर्षों में पहली बार व्यापक सर्वेक्षण किया गया। यह सर्वेक्षण **यूनेस्को और विश्व खाद्य कार्यक्रम (WFP)** द्वारा संचालित किया गया था।
  - यह **अफ्रीका महाद्वीप की चौथी सबसे बड़ी झील** है। साथ ही, यह **विश्व की सबसे बड़ी स्थायी रेगिस्तानी और क्षारीय झील** भी है।

### हम्बोल्ट (या ला कोरोना) ग्लेशियर

- **वेनेजुएला के हम्बोल्ट (या ला कोरोना) नामक आखिरी ग्लेशियर का आकार इतना सिकुड़ गया** है कि वह अब ग्लेशियर कहलाने के मानदंडों पर खरा नहीं उतरता है।

### करिबा झील

- **अल नीनो जनित सूखे** के कारण **करिबा झील में उसकी कुल क्षमता के केवल 13%** जल रह गया है।
  - **1955 में जेम्बेजी नदी** पर बांध बनाने से इस झील का निर्माण हुआ था।

### कोअरी झील

- इसमें जल का स्तर सामान्य से नीचे चला गया है। इससे झील के जल के तापमान में अत्यधिक बढ़ोतरी हो गई।

### पैंटानल आर्द्रभूमि

- पैंटानल आर्द्रभूमि विनाशकारी वनाग्नि का सामना कर रही है।
  - यह **विश्व की सबसे बड़ी उष्णकटिबंधीय आर्द्रभूमि** है।
  - यह **तीन देशों (बोलीविया, ब्राजील और पराग्वे)** में फैली हुई है।
  - इसमें **यूनेस्को विश्व प्राकृतिक विरासत स्थल और बायोस्फीयर रिजर्व तथा दो रामसर स्थल** शामिल हैं।

## 3.8. सुर्ख़ियों में रहे भौगोलिक क्षेत्र (Other Geographical Features)

### अफ़ार ट्रायंगल

- भूवैज्ञानिकों ने अफ़ार ट्रायंगल पर एक **नए महासागर के उभरने** की संभावना व्यक्त की है।
- यह **ग्रेट रिफ्ट वैली** का सबसे **उत्तरी भाग** है।
- यह पृथ्वी पर सबसे अधिक भूवैज्ञानिक रूप से सक्रिय क्षेत्रों में से एक है। यहां **न्युबियन, सोमाली और अरेबियन प्लेट्स** आपस में अभिसरण (Converge) करती हैं।

### बाटागे या बाटागाइका क्रेटर

- बाटागे क्रेटर के नए हवाई फुटेज जारी किए गए हैं। इनसे पता चला है कि यह क्रेटर **जमीन पर जमी बर्फ के पिघलने के साथ हर साल बढ़** रहा है।
  - इसे **"गेटवे टू अंडरवर्ल्ड" या "डोरवे टू हेल"** के नाम से भी जाना जाता है। यह **दुनिया का सबसे बड़ा पर्माफ्रॉस्ट क्रेटर** है।

### अटाकामा मरुस्थल

- शोधकर्ताओं को अटाकामा मरुस्थल में 13 फीट नीचे **चरम स्थितियों में रहने वाले सूक्ष्मजीवों का एक बायोस्फीयर** मिला है।
  - यह **एंडीज पर्वत और प्रशांत महासागर** के बीच अवस्थित है।



### अटाकामा साल्ट फ्लैट (नमक का मैदान)

- शोधकर्ताओं ने अटाकामा साल्ट फ्लैट के अध्ययन में पाया कि चिली का अटाकामा साल्ट फ्लैट **लिथियम ब्राइन निकालने के कारण धंसता** जा रहा है।
  - इसे **सालार डी अटाकामा** के नाम से भी जाना जाता है। यह चिली का सबसे बड़ा **नमक निक्षेप** है।

### कांगो बेसिन

- चॉकलेट की बढ़ती मांग और वनों की कटाई के कारण **कांगो बेसिन में कोको की खेती में काफी उछाल** आया है।
  - यहां **अमेजन** के बाद दुनिया का **दूसरा सबसे बड़ा उष्णकटिबंधीय वन मौजूद** है।
  - इसे **"अफ्रीका के फेफड़े"** के नाम से जाना जाता है। यह **विश्व का सबसे बड़ा कार्बन सिंक है।**
  - यहां **विश्व के सबसे बड़े उष्णकटिबंधीय पीटलैंड** भी पाए जाते हैं।

### माउंट एरेबस

- माउंट एरेबस से प्रतिदिन क्रिस्टलीकृत (बारीक़ कण) स्वर्ण से भरी गैस और धूल निकल रही है। **यह एकमात्र ज्वालामुखी है, जिससे क्रिस्टल रूप में सोना निकल** रहा है।

### अंटार्कटिका

- जलवायु संकट के कारण **अंटार्कटिक प्रायद्वीप में वृक्ष आवरण में वृद्धि** हो रही है (ग्रीनिंग ऑफ अंटार्कटिका)।

### रॉस आइस शेल्फ

- हाल ही के एक शोध के अनुसार, अंटार्कटिका की रॉस आइस शेल्फ दिन में एक या दो बार अचानक आगे बढ़ती है। इस तरह की **आकस्मिक हलचल** तब होती है जब दो विशाल हिमखंड आमने-सामने से एक एक-दूसरे पर दबाव डालते हैं।
  - इससे "आइसक्वेक" की घटना घटित हो सकती है। इसके कारण सिस्मिक हलचल हो सकती है।

### मरकरी आइलैंड

- 18वें मुंबई इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में "मरकरी आइलैंड" के संरक्षण पर एक डॉक्यूमेंट्री फिल्म का प्रीमियर शो आयोजित हुआ था।
  - इस द्वीप को **बर्ड लाइफ इंटरनेशनल ने महत्वपूर्ण पक्षी क्षेत्र (IBAs)** का दर्जा दिया है।
- **नोट: न्यूजीलैंड** में भी मरकरी आइलैंड नामक द्वीपों का एक समूह है।

# 3.9. सुर्ख़ियों में रहे देश (Countries in the News)




**पनामा (राजधानी: पनामा सिटी)**

पनामा, जलवायु परिवर्तन के ख़तरे को देखते हुए द्वीपीय समुदाय को उनकी जगह से खाली कराने वाला पहला देश बन गया।




**चीन (राजधानी; बीजिंग)**

चीन ने विश्व के पहले डुअल टावर सोलर थर्मल पावर प्लांट (TPP) का अनावरण किया है। यह ऊर्जा दक्षता में 24% तक की बढ़ोतरी कर सकता है।




**यूनाइटेड किंगडम (राजधानी: लंदन)**

यूनाइटेड किंगडम के अंतिम कोयला-आधारित विद्युत संयंत्र के बंद होने से वहां कोयले से विद्युत उत्पादन का वर्षों का दौर समाप्त हुआ।




**कोलंबिया (राजधानी: बागोटा)**

बोगोटा ने अपने जलाशयों में गिरते जलस्तर के चलते वाटर राशनिंग शुरू कर दिया है।




**मलेशिया (राजधानी: कुआलालंपुर)**

मलेशिया में मल्लाह का काम (Seafaring) करने वाली स्थानिक जनजाति बाजाऊ के सैकड़ों लोगों को सबा (मलेशियाई बोर्नियो) में उनके घरों से बेदखल किया जा रहा है। सबा में तेजी से शहरीकरण के कारण, बाजाऊ समुदाय को विस्थापन का सामना करना पड़ रहा है।




**डेनमार्क (राजधानी: कोपेनहेगन)**

डेनमार्क ने 2030 से पशुधन क्षेत्रक से कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन पर टैक्स लगाने का निर्णय लिया है। ऐसा करने वाला वह दुनिया का पहला देश बन जाएगा।

# 3.10. सुर्ख़ियों में रहे आपदा से प्रभावित क्षेत्र (Disaster Affected areas)



## 3.11. सुर्ख़ियों में रहे संरक्षित क्षेत्र (Protected Areas in News)



# 3.12. भारत में पारंपरिक जल भंडारण प्रणालियां (Traditional Water storage systems)



# 3.13. भारत में प्रमुख पर्यावरण आंदोलन (Major Environmental Movements in India)



# 3.14. भारत राष्ट्रीय नदी जोड़ो परियोजनाएं (National River Linking Projects)




## हिमालय क्षेत्र में नदी जोड़ो प्रणाली

| क्र.सं. | नाम |
|---|---|
| 1. | मानस-संकोश-तिस्ता-गंगा |
| 2. | कोसी-घाघरा |
| 3. | गंडक-गंगा |
| 4. | घाघरा-यमुना |
| 5. | शारदा-यमुना |
| 6. | यमुना-राजस्थान |
| 7. | राजस्थान-साबरमती लिंक |
| 8. | चुनार-सोन बैराज लिंक |
| 9. | सोन बांध - गंगा की दक्षिणी सहायक नदी |
| 10. | गंगा (फरक्का)-दामोदर-सुवर्णरेखा लिंक |
| 11. | सुवर्णरेखा-महानदी |
| 12. | कोसी-मेची |
| 13. | गंगा (फरक्का)-सुंदरबन लिंक |
| 14. | जोगीघोपा-तीस्ता-फरक्का |

## प्रायद्वीपीय क्षेत्र में नदी जोड़ो प्रणाली

| क्र. सं. | नाम |
|---|---|
| 15. | महानदी (मणिभद्र) - गोदावरी (दोलाईश्वरम) |
| 16. | गोदावरी (इंचमपल्ली) - कृष्णा (पुलचिंतला) |
| 17. | गोदावरी (इंचमपल्ली) - कृष्णा (नागार्जुनसागर) |
| 18. | गोदावरी (पोलावरम) - कृष्णा (विजयवाड़ा) |
| 19. | कृष्णा (अलमाटी) - पेन्नार |
| 20. | कृष्णा (श्रीशैलम) - पेन्नार |
| 21. | कृष्णा (नागार्जुनसागर) - पेन्नार (सोमासिला) |
| 22. | पेन्नार (सोमासिला) - कावेरी (ग्रैंड एनीकट) |
| 23. | कावेरी (कट्टलाइ) - वैगई - गुंडर लिंक |

| क्र. सं. | नाम |
|---|---|
| 24. | केन-बेतवा |
| 25. | पार्बती-कालीसिंध-चंबल |
| 26. | पार-तापी नर्मदा |
| 27. | दमनगंगा-पिंजल |
| 28. | बेदती-वरदा लिंक परियोजना |
| 29. | नेत्रावती-हेमवती |
| 30. | पंबा-अचनकोविल-वैप्पर |

# 3.15. ग्रेट इंडियन बस्टर्ड का वितरण (Great Indian Bustard Presence)



# 3.16. भारत में हाथी रिजर्व (Elephant Reserves in India)






कुल **33** हाथी रिजर्व

**27,000–31,000** हाथियों की आबादी

# 3.17. सुर्ख़ियों में रहे कन्वेंशन/सम्मेलन (Conventions/Conference in News)



# 4. विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी (SCIENCE AND TECHNOLOGY)

## 4.1 विश्व (World)



### इज़ोल्ट (फ्रांस)

- दुनिया के सबसे शक्तिशाली **मैग्नेटिक रेज़ोनेंस इमेजिंग (MRI)** स्कैनर 'इज़ोल्ट (Iseult)' ने मानव मस्तिष्क की पहली तस्वीर ली है

### ब्लाइंडसाइट (संयुक्त राज्य अमेरिका)

- न्यूरालिंक के एक ब्रेन-कंप्यूटर इंटरफेस (BCI) इम्प्लांट **'ब्लाइंडसाइट'** को संयुक्त राज्य अमेरिका के फूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन (FDA) से **"ब्रेकथ्रू डिवाइस"** का दर्जा प्राप्त हुआ है।
  - 'ब्लाइंडसाइट' चिप का उद्देश्य उन दृष्टिहीन मरीजों की मदद करना है जिन्होंने अपनी दोनों आंखें और ऑप्टिक नर्व खो दी हैं या जो व्यक्ति जन्म से ही दृष्टिहीन हैं।
- AI द्वारा नियंत्रित F-16 फाइटर जेट को **विस्टा** नाम दिया गया है। गौरतलब है कि F-16 संयुक्त राज्य अमेरिका का **चौथी पीढ़ी का एक फाइटर जेट** है।

### CERN, स्विट्ज़रलैंड

- **यूरोपीय परमाणु अनुसंधान संगठन (CERN) ने अपनी स्थापना के 70 वर्ष पूरे किए**
  - यह एक **अंतर्राष्ट्रीय वैज्ञानिक संगठन है।** इसकी स्थापना **हाई एनर्जी पार्टिकल फिजिक्स के क्षेत्र में सहयोगात्मक अनुसंधान** के उद्देश्य से की गई है।

### R21/ मैट्रिक्स-एम (आइवरी कोस्ट)

- पश्चिमी अफ्रीकी देश **आइवरी कोस्ट** 2 वर्ष से कम आयु के बच्चों को नई **R21/ मैट्रिक्स-एम मलेरिया वैक्सीन** लगाने वाला विश्व का पहला देश बन गया है।

VISIONIAS INSPIRING INNOVATION



## आर्टेमिस एकॉर्ड्स, (आर्मेनिया)

- **आर्मेनिया** नासा के आर्टेमिस एकॉर्ड्स पर हस्ताक्षर करने वाला **43वां देश** बन गया है।
  - इसे **नासा ने 2020 में अमेरिकी विदेश विभाग के समन्वय में** शुरू किया था। ये सिद्धांतों का का एक सेट हैं। इन्हें 21वीं सदी में **असैन्य उद्देश्य से अंतरिक्ष अन्वेषण और उपयोग का मार्गदर्शन** करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। ये एकॉर्ड्स **बाध्यकारी नहीं** हैं।

## HH70 (चीन)

- चीन ने **विश्व का पहला उच्च तापमान पर कार्यशील सुपरकंडक्टिंग टोकामक उपकरण 'HH70'** बनाया है।
- चीन 2025 में **विश्व का पहला 'थोरियम मोल्टन साल्ट न्यूक्लियर पॉवर स्टेशन'** गोबी मरुस्थल में स्थापित करेगा।

## लिग्नोसैट/ LignoSat (जापान)

- **जापान ने लकड़ी से बना विश्व का पहला** उपग्रह 'लिग्नोसैट' लॉन्च किया।
  - इसके जरिए यह पता लगाया जाएगा कि **अंतरिक्ष की विषम परिस्थितियों का लकड़ी पर क्या प्रभाव** पड़ता है।

## KSTAR (दक्षिण कोरिया)

- परमाणु संलयन में **कोरिया सुपरकंडक्टिंग टोकामक एडवांस्ड रिसर्च (KSTAR) फ्यूजन रिएक्टर** ने नया रिकॉर्ड बनाया है। इस रिएक्टर ने सूर्य के कोर की तुलना में सात गुना अधिक तापमान 48 सेकंड तक बनाए रखने में सफलता प्राप्त की है।

## हेरिटेबल ह्यूमन जीनोम एडिटिंग (HHGE) (दक्षिण अफ्रीका)

- **दक्षिण अफ्रीका** हेरिटेबल ह्यूमन जीनोम एडिटिंग (HHGE) को अनुमति देने वाला दुनिया का पहला देश बन गया है।
  - HHGE में सोमैटिक सेल एडिटिंग केवल संबंधित व्यक्ति को प्रभावित करती है। HHGE के तहत **जर्मलाइन कोशिकाओं (शुक्राणु, अण्डाणु या भ्रूण) में परिवर्तन किया जाता है,** जिससे ये परिवर्तन आगे की पीढ़ी में आनुवंशिक रूप से शामिल हो जाते हैं।

## 4.2 भारत (India)

### एनालॉग अंतरिक्ष मिशन (लद्दाख)

- **इसरो ने चंद्र मिशन प्रयोगों की योजना बनाने के लिए लेह (लद्दाख)** में भारत का पहला एनालॉग अंतरिक्ष मिशन लॉन्च किया है।
- परमाणु ऊर्जा विभाग (DAE) ने **हानले (लद्दाख) में मेजर एटमॉस्फेरिक चेरेनकोव एक्सपेरिमेंट (MACE)** वेधशाला का उद्घाटन किया।
  - यह एशिया का **सबसे बड़ा इमेजिंग चेरेनकोव टेलीस्कोप** है। यह इस तरह का दुनिया में **दूसरा सबसे बड़ा टेलिस्कोप** है।

### गुजरात घोषणा-पत्र (गुजरात)

- विश्व स्वास्थ्य संगठन ने **"गुजरात घोषणा-पत्र"** के रूप में प्रथम **विश्व स्वास्थ्य संगठन पारंपरिक चिकित्सा वैश्विक शिखर सम्मेलन 2023** का आउटकम दस्तावेज़ जारी किया है।

### दक्ष परियोजना (महाराष्ट्र)

- **IIT-बॉम्बे दक्ष परियोजना टीम का नेतृत्व कर रहा है।**
  - इस महत्वाकांक्षी परियोजना के तहत **हाई-एनर्जी वाले दो स्पेस टेलीस्कोप** बनाने की योजना है। ये टेलीस्कोप **खगोलीय विस्फोटक घटनाओं के स्रोतों का अध्ययन** करेंगे।

### कार्बन फाइबर (कर्नाटक)

- भारत के उपराष्ट्रपति ने **बेंगलुरु में राष्ट्रीय एयरोस्पेस प्रयोगशालाओं में कार्बन फाइबर और प्रीप्रेग्स केंद्र** का उद्घाटन किया।
  - यह एक **बहुलक** है और **ग्रेफाइट** का एक रूप है। इसमें **कार्बन के पतले और मजबूत क्रिस्टलीय तंतु** मौजूद होते हैं।
- भारतीय विज्ञान संस्थान (IISc) के वैज्ञानिकों ने न्यूरोमॉर्फिक कंप्यूटिंग में सफलता प्राप्त की
  - न्यूरोमॉर्फिक कंप्यूटिंग या न्यूरोमॉर्फिक इंजीनियरिंग, **मानव मस्तिष्क की संरचना और कार्य की नकल** करती है।



## परम रुद्र (दिल्ली)

- मौसम और जलवायु अनुसंधान के लिए दिल्ली में **परम रुद्र** सुपर कंप्यूटिंग सिस्टम लॉन्च किया गया है।

## 'अरुणिका' (उत्तर प्रदेश)

- **'अरुणिका'** नामक नए **हाई-परफॉरमेंस कंप्यूटिंग** (HPC) सिस्टम भी लॉन्च किए। ये उष्णकटिबंधीय चक्रवात, भारी वर्षा, झंझावात इत्यादि के बारे में सटीक स्थिति बताने और बेहतर पूर्वानुमान प्रदान करने में मदद करेंगे।
  - इसके अलावा, पुणे में भारतीय उष्णकटिबंधीय मौसम विज्ञान संस्थान (IITM) में HPC प्रणाली 'अर्का' लॉन्च की गई



## सुपरसोनिक मिसाइल-असिस्टेड रिलीज ऑफ टॉरपीडो (SMART) प्रणाली {ओडिशा}

- हाल ही में, ओडिशा के तट पर डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम द्वीप से **SMART प्रणाली** का सफलतापूर्वक उड़ान-परीक्षण किया गया।
  - SMART अगली पीढ़ी की **मिसाइल-आधारित हल्के वजन वाली टारपीडो डिलीवरी प्रणाली** है।
- भारत का पहला **सिलिकॉन कार्बाइड विनिर्माण संयंत्र ओडिशा** में स्थापित किया जाएगा।
  - इसे **कार्बोरंडम** के नाम से भी जाना जाता है। यह **सिलिकॉन और कार्बन का कृत्रिम रूप से निर्मित अत्यंत कठोर क्रिस्टलीय यौगिक** होता है।

## स्पेडेक्स/ SpaDeX (आंध्र प्रदेश)

- इसरो ने श्रीहरिकोटा के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से ध्रुवीय उपग्रह प्रक्षेपण यान (PSLV)-C60 का उपयोग करके SpaDeX अंतरिक्ष यान लॉन्च किया।
  - **स्पेस डॉकिंग को स्पेस डॉकिंग एक्सपेरिमेंट (स्पेडेक्स/SpaDeX) मिशन** के तहत दो छोटे अंतरिक्ष यानों- **SDX01 (चेज़र) और SDX02 (टारगेट) का** उपयोग करके संपन्न किया गया है।

## RHUMI-1 (तमिलनाडु)

- भारत ने अपना पहला **रीयूजेबल हाइब्रिड रॉकेट** 'RHUMI-1' सफलतापूर्वक लॉन्च किया।
- परमाणु ऊर्जा विनियामक बोर्ड (AERB) ने फास्ट ब्रीडर रिएक्टर की क्रिटीकेलिटी की फर्स्ट एप्रोच के लिए अनुमति दी। यह **भारत का पहला स्वदेशी प्रोटोटाइप फास्ट ब्रीडर रिएक्टर** है।
- **अग्निकुल कॉसमॉस,** IIT मद्रास का स्टार्ट-अप है। इस रॉकेट का नाम **अग्निबाण सब-ऑर्बिटल टेक्नोलॉजी डिमॉन्स्ट्रेटर (SOrTeD)** है। अग्निकुल कॉसमॉस ने सिंगल-पीस 3D प्रिंटेड इंजन का उपयोग करने वाला विश्व का पहला रॉकेट लॉन्च किया।

# 5. संस्कृति (Culture)

## 5.1. सुर्ख़ियों में रहे मंदिर (Temples in News)




**गांधी सरोवर/ केदारनाथ मंदिर**



उत्तराखंड में **केदारनाथ मंदिर के पास स्थित गांधी सरोवर भारी हिमस्खलन की चपेट** में आ गया। गांधी सरोवर को **चोराबाड़ी ताल** के नाम से भी जाना जाता है।

**ज्योतिर्मठ या जोशीमठ, उत्तराखंड**

केंद्र सरकार ने उत्तराखंड सरकार के **चमोली जिले की जोशीमठ तहसील का नाम बदलकर ज्योतिर्मठ** और **नैनीताल जिले की कोश्याकुटोली तहसील का नाम बदलकर परगना श्री कैंची धाम** करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है।

**कामाख्या मंदिर, असम**

असम के कामाख्या मंदिर में **अंबुबाची मेले** का आयोजन हुआ।

**चंद्रवल्ली गुफा परिसर, कर्नाटक**

यह गुफा परिसर **कर्नाटक के चित्रदुर्ग** जिले में स्थित है। यह अपनी मरम्मत और रखरखाव की आवश्यकता के कारण चर्चा में रहा।



**श्री जगन्नाथ मंदिर, ओडिशा**

श्री जगन्नाथ मंदिर, पुरी के **पवित्र रत्न भंडार कक्ष का द्वार 46 साल बाद फिर से खुला।**

**विरूपाक्ष मंदिर, कर्नाटक**

हम्पी में भारी वर्षा के कारण विरुपाक्ष मंदिर के 'सालू मंडप' का एक हिस्सा ढह गया है।



**संगमेश्वर मंदिर, आंध्र प्रदेश**

**कृष्णा नदी में बाढ़ के कारण संगमेश्वर मंदिर जलमग्न** हो गया।

**अलगर मंदिर, तमिलनाडु**

**वैगई नदी से भगवान कल्लालगर** की शोभा यात्रा पूर्ण होने के साथ ही **चितिराई उत्सव** संपन्न हुआ।



**श्री माधव पेरूमल मंदिर, तमिलनाडु**



श्री माधव पेरूमल मंदिर काफी हद तक **भवानी सागर बांध** के कारण डूबा हुआ था। इस मंदिर में पाए गए अभिलेखों से 1000 साल पुराने व्यापार मार्ग का पता चलता है।

# 5.2 सुर्ख़ियों में रही चित्रकला/ पेंटिंग (Paintings in News)



**बेला ब्लॉक प्रिंटिंग**

पारंपरिक शिल्प बेला ब्लॉक प्रिंटिंग के सामने लुप्त होने का खतरा उत्पन्न हो गया है। ऐसा इसलिए, क्योंकि मौजूदा दौर में कोई भी युवा इस कला को सीखना नहीं चाहता है।



**सोहराई पेंटिंग**

प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने **रूस के कजान में आयोजित ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को सोहराई पेंटिंग उपहार** में दी।






**माता नी पछेड़ी चित्रकला**

माता नी पछेड़ी **गुजरात की एक प्राचीन हस्तकला** है। यह एक धार्मिक टेक्सटाइल लोक कला है। चित्रकला की यह शैली कलमकारी शैली से प्रभावित है।



**कुमित्तिपति शैल चित्रकला**

**तमिलनाडु** के कुमित्तिपति में शरारती तत्वों ने एक गुफा में उत्कीर्ण शैल चित्रों को नुकसान पहुंचाया है।

# 5.3 सुर्ख़ियों में रहे स्थल (Key Sites in News)





### श्रीनगर, जम्मू और कश्मीर

जम्मू और कश्मीर की राजधानी श्रीनगर को वर्ल्ड क्राफ्ट्स काउंसिल इंटरनेशनल (WCCI) द्वारा द्वारा वर्ल्ड क्राफ्ट सिटी का नाम दिया गया।

### नालंदा विश्वविद्यालय, बिहार

हाल ही में, **प्रधान मंत्री ने राजगीर (बिहार) में नालंदा विश्वविद्यालय के नए परिसर का उद्घाटन** किया।



### पड़ता बेट, गुजरात

पुरातात्विक उत्खनन से **गुजरात के कच्छ के पड़ता बेट में 5,200 साल पुरानी हड़प्पा युगीन बस्ती का पता** चला है।



### लोथल, गुजरात

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने गुजरात के लोथल में **राष्ट्रीय समुद्री विरासत परिसर (NMHC)** के विकास को मंजूरी दी

### चराइदेव मोइदम्स, असम

हाल ही में, असम के चराइदेव मोइदम्स (Moidams) को आधिकारिक तौर पर संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक और सांस्कृतिक संगठन (UNESCO) की **विश्व धरोहर सूची** में शामिल किया गया है।



### कोझिकोड, केरल

केरल का कोझिकोड औपचारिक रूप से **यूनेस्को की 'सिटी ऑफ लिटरेचर' सूची में शामिल होने वाला भारत का पहला शहर** बना

### श्रीकाकुलम, आंध्र प्रदेश

कई इतिहासकार, शिक्षाविद, लेखक और विरासत के संरक्षण के प्रति उत्साही लोग **श्रीकाकुलम (आंध्र प्रदेश) की भूली हुई विरासत की प्रतिष्ठा को फिर से बहाल करने के लिए प्रयास** कर रहे हैं।



### कीलाडी उत्खनन, तमिलनाडु

हाल ही में, **तमिलनाडु के कीलाडी में पुरातत्ववेत्ताओं ने संगम युग की क्रिस्टल क्वार्ट्ज से बनी एक भार मापक इकाई** की खोज की है।



### बाविकोंडा मठ, आंध्र प्रदेश

हाल के वर्षों में **बजट की कमी के चलते,** बाविकोंडा स्थल पर रख-रखाव और मरम्मत कार्य बेहतर तरीके से नहीं हुआ।

# 5.4. भारत में पुतली कला (Puppetry in India)






# 5.5 भौगोलिक संकेतक (GI) टैग {GI Tags}

## उत्तर प्रदेश





**बरेली के बांस-बेंत**

हाथ की कारीगरी से बांस एवं बेंत से कई घरेलू **सामान एवं फर्नीचर** बनाए जाते हैं।



**बरेली जरी जरदोजी**

कढ़ाई के लिए **सोने या चांदी के तार**, जिसे **जरी** कहा जाता है, का उपयोग कपड़ों को आकर्षक बनाया जाता है।



**पिलखुआ हैंड ब्लॉक प्रिंट**

प्राकृतिक डाई का उपयोग करते हुए **वस्त्रों और लकड़ियों पर पारंपरिक ब्लॉक प्रिंटिंग।**



**बनारस तिरंगी बर्फी**

तिरंगी बर्फी बनाने के लिए **केसरिया रंग के लिए केसर, हरे रंग के लिए पिस्ता और बीच के सफेद रंग में खोए की सफेदी व काजू** का प्रयोग किया जाता है।



**थारू एंब्रॉयडरी (कढ़ाई)**

इसमें **रंग-बिरंगे धागों** से कढ़ाई की जाती है जो **थारू संस्कृति** को परिलक्षित करती है।



**बनारस धातु ढलुआ शिल्प (मेटल कास्टिंग क्राफ्ट)**

बनारस **ढलुआ धातुओं की जटिल और कई प्रकार की डिज़ाइन** के लिए प्रख्यात है।

---

## गुजरात





**कच्छ अजरख:** ये ब्लॉक-प्रिंटेड वस्त्र हैं, जिन पर डाई का उपयोग करके **ज्यामितीय आकार और फूलों के पैटर्न** बनाए जाते हैं।



**बोडो नारजी**

जूट के पत्तों (कोरकोरस कैप्सूलरिस) से बना एक **अर्द्ध-किण्वित खाद्य** है।



**बोडो ग्वखा - ग्वखी**

स्थानीय तौर पर इसे 'ग्वका ग्वखी' कहा जाता है। यह बोडो समुदाय का एक पारंपरिक व्यंजन है, जो **बिविसागु उत्सव के दौरान अलग-अलग प्रकार की जड़ी-बूटियों और सब्जियों से** बनाया जाता है।



**बोडो अरोनाई**

यह पारंपरिक बोडो बुनाई है जो अपने **जीवंत रंगों और जटिल डिजाइन के लिए** जानी जाती है।



**बोडो जौ गोरान**

यह बोडो समुदाय का एक पारंपरिक पेय है, जो चावल से बनाया जाता है। इसमें **अल्कोहल की मात्रा सबसे अधिक (लगभग 16.11%)** होती है।



**बोडो जौ गिशी**

यह किण्वित चावल से निर्मित पारंपरिक मादक पेय है।






**बोडो नेफाम**

यह दो-तीन महीनों तक पूरी तरह बंद कंटेनर में एनारोबिक रूप से तैयार की गई **किण्वित मछली से बना एक व्यंजन** है।



**बोडो ओंडला**

यह **चावल के पाउडर से बनी करी** है, जिसे स्वादिष्ट बनाने के लिए लहसुन, अदरक, नमक और एल्कली मिलाए जाते हैं।



**बोडो मैबरा जौ बिडवी**

यह चावल से बना एक और पारंपरिक पेय है, जिसे बोडो समुदाय पवित्र मानते हैं। इसे आमतौर पर **आतिथ्य और सत्कार** के प्रतीक के रूप में परोसा जाता है। यह अधपके चावल (माईरोंग) को कम पानी में किण्वित करके और उसमें 'अमाओ' (खमीर का एक स्रोत) मिलाकर तैयार किया जाता है।

**नोट:** बोडो समुदाय की मान्यता है कि चावल से बना यह पेय **भगवान शिव की देन** है। इसका **औषधि के रूप में सेवन** किया जाता है।

## अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह



**निकोबारी चटाई**

यह **प्राकृतिक रेशों से बुनी गई एक चटाई** है, जिसे बैठने और सोने के लिए उपयोग किया जाता है।



**अंडमान करेन मूसली चावल**

यह **सुगंधित चावल की एक विशेष किस्म** है, जिसे करेन समुदाय द्वारा उगाया जाता है।





**निकोबारी डोंगी-होदी शिल्प**

यह **खोखले पेड़ के तने से बनी पारंपरिक डोंगी** है।



**निकोबारी हट**

ये **स्थानीय रूप से उपलब्ध सामग्रियों से बनी पारंपरिक झोपड़ियां** हैं। ये झोपड़ियां यहां के देशज लोगों के डिज़ाइन को दर्शाती हैं।



**निकोबारी तवी-ए-नगाइच (वर्जिन नारियल तेल)**

पारंपरिक तरीके से निकाला गया **शुद्ध नारियल तेल,** जिसका इस्तेमाल खाना **पकाने और सेहतमंद रहने** के लिए किया जाता है।



**न्गुअत-कुक'- 'खवथा' नारियल**

यह निकोबार में उगाई जाने वाली **नारियल की एक अनूठी किस्म** है। इसका सेवन स्वस्थ रहने के लिए किया जाता है।



**पडौक वुड क्राफ्ट**

इस शिल्प में **पडौक वृक्ष** की लकड़ी का उपयोग किया जाता है, जो अपनी **गहरे लाल रंग** की लकड़ी के लिए प्रसिद्ध है।

# 5.6 भारत की प्रमुख तीर्थ गलियारा परियोजनाएं (India's Major Pilgrim Corridor Projects)



# 5.7 सुर्ख़ियों में रहे त्यौहार (Festivals in News)



## 1. बोहाग/ रोंगाली बिहू

**असम** में बोहाग/ रोंगाली बिहू त्यौहार मनाया गया।

**बोहाग/ रोंगाली बिहू के बारे में**

- इस त्यौहार को **अप्रैल माह के मध्य** में मनाया जाता है। यह **असमिया नववर्ष** की शुरुआत और **बसंत ऋतु** के आगमन का प्रतीक है।
- यह त्यौहार **सात दिनों तक** मनाया जाता है। त्यौहार की शुरुआत (प्रथम दिन) **गोरु बिहू** से होती है। इसके बाद **मानुह बिहू, गोसाई बिहू** आदि मनाए जाते हैं।

बोहाग/ रोंगाली बिहू के समान अन्य राज्यों में मनाए जाने वाले त्यौहार हैं- **बैशाख (पंजाब), पुथांडु (तमिलनाडु), विशु (केरल), पहला बैशाख (पश्चिम बंगाल) आदि।**



## 2. गुड़ी पड़वा

राष्ट्रपति ने गुड़ी पड़वा की पूर्व संध्या और वसंत ऋतु के आगमन से जुड़े **त्यौहारों एवं भारतीय नव वर्ष के लिए शुभकामनाएं** दी हैं।

**गुड़ी पड़वा के बारे में**

- **गुड़ी पड़वा चैत्र माह के पहले दिन मनाया जाता है।**
- **यह वसंत ऋतु के आगमन** का संकेत देता है। **महाराष्ट्र में यह नववर्ष की शुरुआत का प्रतीक** है।
- **भारत भर में अन्य वसंत त्योहार:**
  - **उगादी:** आंध्र प्रदेश, कर्नाटक व तेलंगाना।
  - **चेटीचंड:** यह त्यौहार सिंधी समाज द्वारा मनाया जाता है।
  - **नवरेह:** जम्मू-कश्मीर।



## 3. करमा त्यौहार

करमा त्यौहार **झारखंड** सहित भारत के अन्य राज्यों जैसे ओडिशा, छतीसगढ़ आदि में भी मनाया जाता है।

**करमा त्यौहार के बारे में**

- यह एक **फसल उत्सव** है। यह **मुंडा, हो, ओरांव, बैगा, खारिया और संथाल लोगों** के बीच लोकप्रिय है।
- इस अवसर पर **करम वृक्ष** की पूजा की जाती है। यह वृक्ष उर्वरता, समृद्धि आदि का प्रतीक है। करम वृक्ष को पारंपरिक रूप से **करम देवता/ करमसानी के प्रतीक के रूप में देखा** जाता है।
- त्यौहार के दौरान, करमा नर्तक **करम वृक्ष की शाखा का उपयोग गायन और नृत्य** के साथ करते हैं।



## 4. जितिया या जीवित्पुत्रिका त्योहार

**बिहार** में जीवित्पुत्रिका उत्सव के दौरान अलग-अलग हादसों में 37 बच्चों समेत 43 लोगों की डूबने से मौत हो गई।

**जितिया या जीवित्पुत्रिका पर्व के बारे में**

- यह हिंदू धर्म का त्योहार है। यह मुख्य रूप से **बिहार, उत्तर प्रदेश, झारखंड और नेपाल** में मनाया जाता है।
- इस दिन महिलाएं संतान की **लंबी उम्र, तरक्की और अच्छे स्वास्थ्य के लिए निर्जला उपवास** रखती हैं।
- यह त्योहार **तीन दिनों तक मनाया** जाता है। त्योहार के **पहले दिन को नहाए-खाए** के नाम से जाना जाता है।
- यह त्योहार **राजा जीमूतवाहन** की पौराणिक कथा पर आधारित है। इस अवसर पर **राजा जीमूतवाहन** द्वारा दूसरों के कल्याण के लिए किए स्वयं द्वारा किए गए त्याग की पूजा की जाती है और उपवास रखा जाता है।



VISIONIAS
INSPIRING INNOVATION

# SANDHAN

## VisionIAS की ओर से पर्सनलाइज्ड टेस्ट सीरीज

(UPSC प्रीलिम्स के लिए
स्मार्ट रिवीजन, प्रैक्टिस और समग्र तैयारी हेतु
ऑल इंडिया GS प्रीलिम्स टेस्ट सीरीज)

- **प्रश्नों का विशाल संग्रहः**
  UPSC द्वारा विगत वर्षों में पूछे गए प्रश्नों (PYQs) के साथ–साथ VisionIAS द्वारा तैयार किए गए 25,000 से अधिक प्रश्न।
- **करेंट अफेयर्सः**
  करेंट अफेयर्स के प्रश्नों के साथ प्रैक्टिस कीजिए।
- **पर्सनलाइज्ड टेस्ट तैयार करने की सुविधाः**
  विषयों और टॉपिक्स का चयन करके टेस्ट को कस्टमाइज़ कीजिए।
- **समयबद्ध मूल्यांकनः**
  समयबद्ध टेस्ट के साथ टाइम मैनेजमेंट को बेहतर कीजिए।
- **प्रदर्शन का विस्तृत विश्लेषणः**
  समग्र तैयारी के साथ–साथ विषय और टॉपिक के स्तर पर प्रगति को ट्रैक कीजिए।
- **टार्गेटेड रेकमेंडेशनः**
  सुधार योग्य पक्षों के लिए पर्सनलाइज्ड रेकमेंडेशन प्राप्त कीजिए।




**एडमिशन प्रारंभ**

और अधिक जानकारी के लिए स्कैन कीजिए

# Heartiest Congratulations

to all Successful Candidates

**79** in **TOP 100** Selections in **CSE 2023**
from various programs of **Vision IAS**



1 AIR

**Aditya Srivastava**



2 AIR — **Animesh Pradhan**



5 AIR — **Ruhani**



6 AIR — **Srishti Dabas**



7 AIR — **Anmol Rathore**



9 AIR — **Nausheen**



10 AIR — **Aishwaryam Prajapati**

## हिंदी माध्यम में 35+ चयन CSE 2023 में

हिंदी माध्यम टॉपर



53 AIR — मोहन लाल



136 AIR — अर्पित कुमार



238 AIR — विपिन दुबे



257 AIR — मनीषा धार्वे



313 AIR — मयंक दुबे



517 AIR — देवेश पाराशर

## UPSC TOPPERS/OPEN SESSION: QR स्कैन करें



53 AIR
मोहन लाल

TOPPERS' TALK

UPSC CSE 2026 सामान्य अध्ययन

UPSC Prelims 2025 10 years PYQ

Master Classes Series करेंट अफेयर्स

**HEAD OFFICE**
DELHI
Apsara Arcade, 1/8-B 1st Floor, Near Gate-6 Karol Bagh Metro Station

**MUKHERJEE NAGAR CENTER**
Plot No. 857, Ground Floor, Mukherjee Nagar, Opposite Punjab & Sindh Bank, Mukherjee Nagar

**GTB NAGAR CENTER**
Classroom & Enquiry Office, above Gate No. 2, GTB Nagar Metro Building, Delhi - 110009

**FOR DETAILED ENQUIRY**
Please Call:
+91 8468022022,
+91 9019066066

enquiry@visionias.in | /@visionias hindi | /visionias.upsc | /vision_ias_hindi/ | /hindi_visionias

अहमदाबाद | बेंगलूरु | भोपाल | चंडीगढ़ | दिल्ली | गुवाहाटी | हैदराबाद | जयपुर | जोधपुर | लखनऊ | प्रयागराज | पुणे | रांची